P372

इंदौर, सोमवार 19 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 72
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

जया किशोरी से मिलने के लिए भी लगेंगे 14 हजार



पेज-2

गोलू गुप्ता ने मुझे ताकत और नई पहचान दी- श्वेता त्रिपाठी



पेज-5

खजराना चौराहे से मेट्रो पिलर की हाईट होगी कम



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- उत्तर प्रदेश : अंबेडकर नगर में अकबरपुर का नाम बदलेगा, अब 'लोहिया नगर' कहलाएगा
- सोनीपत में सुबह 8.44 बजे भूकंप के तेज झटके, लोग घरों से बाहर निकले
- चीन के इनर मंगोलिया में स्टील प्लांट में धमाका, 2 की मौत, 66 घायल
- दिल्ली : ठंड और कोहरे की वजह से आईजीआई एयरपोर्ट पर कुछ उड़ानों में देरी
- जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़ में आठ जवान घायल
- कोलंबिया : गुरिल्ला समूहों में हिंसक झड़प, 27 की मौत
- चिली के जंगलों में लगी भीषण आग, 16 की मौत
- जयपुर से नई दिल्ली पहुंचे पोलैंड के डिप्टी पीएम रादोस्लाव सिकोरस्की
- ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की टैरिफ धमकी पर यूरोपीय संघ की आपात बैठक, की निंदा
- यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नह्यान का भारत दौरा आज से
- उत्तराखंड : विधायक तिलक राज बेहड़ के पुत्र पर जानलेवा हमला, आईसीयू में चल रहा इलाज

# बजट सत्र के पूर्व ही भाजपा के नेताओं नेताओं को मिलेगी खुशखबरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • भाजपा ने राजनीतिक नियुक्तियों की अपनी रणनीति में बदलाव किया है। पार्टी पहले कई किस्तों में राजनीतिक नियुक्तियां करना चाहती थी लेकिन केंद्रीय नेतृत्व से मिले निर्देश के बाद सभी दर्जा प्राप्त मंत्रियों की सूची एक साथ निकाली जाएगी। इससे पहले पार्टी की तैयारी थी कि प्रदेश के सभी विकास प्राधिकरण और क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण जैसे विंध्य, बुंदेलखंड, महाकोशल विकास प्राधिकरणों में अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की नियुक्ति पहली किस्त में हो। सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका था। इस बीच मुंबई और महाराष्ट्र की नगर सरकारों के चुनाव आ जाने के कारण केंद्रीय नेतृत्व से समय नहीं मिल पाया था।




अब संभावना है कि अगले सप्ताह बड़े नेताओं की बैठक में इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। दरअसल, विस चुनाव-2023 के बाद से ही निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर संगठन पर दबाव है। पहले तो लोकसभा चुनाव के बाद राजनीतिक नियुक्तियां करने की योजना थी लेकिन पहले भाजपा के संगठन चुनाव फिर प्रदेश, अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में विलंब के कारण मामला टलता रहा। बिहार चुनाव के बाद राजनीतिक नियुक्तियों का मामला आगे बढ़ा लेकिन फिर भी कोई मिर्णय नहीं हो पाया। सूत्रों के अनुसार दावोस मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के लौटने के बाद अगले सैप्ताह राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के साथ प्रदेश नेतृत्व की बैठक होनी है इसके बाद राजनीतिक नियुक्तियों की अंतिम रूप दिया जाएगा। माना जा रहा है कि लगभग 35 नेताओं को इस सूची में स्थान मिल सकता है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के चाद मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले इनकी घोषणा हो सकती है। इसमें कुछ पूर्व विधायकों को समायोजित भी किया जाएगा। अभी इनके पास कोई काम नहीं है।

# नए साल में एक लाख लाड़ली बहनें हुईं कम

## सरकार के हर माह 21 करोड़ बचेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश में दिसंबर के मुकाबले नए साल के पहले महीने जनवरी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में हितग्राहियों की संख्या में करीब एक लाख की कमी आई है। इससे सरकार को जनवरी में दिसंबर के मुकाबले लाड़ली बहनों के खाते में 21 करोड़ रुपए कम ट्रांसफर करना पड़े हैं। कर्ज तले दबी सरकार को इससे बड़ी राहत मिली है। जानकारी के मुताबिक गत 9 दिसंबर को छतरपुर के राजनगर में हुए सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 1857 करोड़ रुपए राशि ट्रांसफर की थी, जबकि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 16 जनवरी को माखन नगर (बाबई) के कार्यक्रम में एक करोड़ 25 लाख 32 हजार लाड़ली बहनों के खाते में 1836 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं। यह राशि दिसंबर के मुकाबले 21 करोड़ रुपए कम है। सरकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक 32 किस्तें जारी कर चुकी है। योजना के शुरू होने से लेकर अब तक लाड़ली बहनों के खाते में 50 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जा चुके हैं। तत्कालीन शिवराज सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2023 में योजना शुरू की गई थी। योजना की पहली किस्त जून, 2023 में जारी की गई थी। शुरुआत में हितग्राहियों को मासिक किस्त के रूप में एक हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे। अक्टूबर, 2023 में योजना में राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1250 रुपए की गई थी। डॉ. मोहन यादव सरकार ने गत नवंबर से योजना की राशि 1250 से बढ़ाकर 1500 रुपए कर दी है। यह योजना जब शुरू हुई थी, तब पात्र हितग्राहियों की संख्या करीब एक करोड़ 31 लाख थी। हितग्राहियों की संख्या में कमी आने का कारण यह है कि सरकार ने 20 अगस्त, 2023 से इस योजना के तहत नए पंजीकरण नहीं खोले हैं।

### डीएवीवी की नई पहल

# नई मार्कशीट में चार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था

## अब क्यूआर कोड से होगी मार्कशीट की जांच

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) की अब तक की पारंपरिक मार्कशीट जल्द ही पूरी तरह बदलने जा रही है। डिजिटल युग और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप विश्वविद्यालय एक नई, तकनीक आधारित मार्कशीट जारी करने की तैयारी में है, जो पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और ऑनलाइन सत्यापन योग्य होगी।




नई मार्कशीट में चार स्तर की सुरक्षा व्यवस्था होगी, जिसमें भौतिक और डिजिटल दोनों तरह के सुरक्षा उपाय शामिल रहेंगे। मार्कशीट के एक कोने में क्यूआर कोड छापा जाएगा, जिसे स्कैन करते ही छात्र का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सत्यापित किया जा सकेगा। इसके साथ ही मार्कशीट पर डीएवीवी का मोनोग्राम लोगो, सीमाओं पर वॉटरमार्क और उच्च गुणवत्ता वाला नॉन-टीयर पेपर उपयोग किया जाएगा, जिससे नकुल और फर्जीवाड़े की आशंका समाप्त हो सके।

**विश्वसनीयता बढ़ेगी-** विश्वविद्यालय अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज़ों पर पूरी तरह रोक लगाना और लंबे समय तक डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशेष तिवारी ने कहा कि नई मार्कशीट व्यवस्था के लागू होने से डीएवीवी मप्र के उन शुरुआती विश्वविद्यालयों में शामिल होगा, जो एनईपी के अनुरूप डिजिटल रूप से सुरक्षित मार्कशीट जारी करेंगे। इससे परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी। नई डिज़ाइन, सुरक्षा फीचर्स और प्रिंटिंग मानकों से संबंधित प्रस्ताव को एक समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# जिसकी भूमिका पर उठे सवाल उसे मिली क्रीम पोस्टिंग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर में गंदा पानी सप्लाई होने के बाद हालात बेहद गंभीर हो गए थे। इस मामले में 24 लोगों की मौत हो गई थी। उस वक्त इंदौर नगर निगम और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठे थे। इसी कड़ी में दिलीप यादव को पद से हटाया गया था। हालांकि, अब तक यह तय नहीं हो पाया है कि आखिर इस त्रासदी का जिम्मेदार कौन है।



ताजा तबादला आदेश में दिलीप यादव को मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है। इसे प्रशासनिक भाषा में क्रीम पोस्टिंग माना जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जिस अफसर पर इतने गंभीर आरोपों का साया है, उसे इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी क्यों दी गई। इस पूरे मामले को लेकर अब राजनीति होना तय माना जा रहा है। क्योंकि गंदे पानी का मामला सामने आने के बाद से कांग्रेस 24 मौतों का जिम्मेदार आईएएस अधिकारी दिलीप यादव मानती आ रही है। ऐसे में उसी अफसर को सरकार ने इनाम की तरह बड़ी पोस्टिंग दे दी। बीते दिनों लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनका दर्द सुना। इस दौरान कई पीड़ित परिवार मौजूद थे, जिन्होंने साफ पानी की मांग को लेकर अपनी पीड़ा खुलकर रखी। अब साफ है कि यह तबादला सिर्फ प्रशासनिक फैसला नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले दिनों में इस पर राजनीति तेज होगी। सवाल यही है, क्या गंदे पानी से हुई मौतों की जिम्मेदारी कभी तय होगी या फिर मामला फाइलों में ही दबकर रह जाएगा।

# भाजपा को आज मिलेगा नया युवा नेतृत्व

## नितिन नवीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना लगभग तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारतीय जनता पार्टी को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने जा रहा है। बिहार के युवा नेता और पूर्व मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना लगभग तय हो चुका है। सोमवार को इसकी औपचारिक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी और निर्विरोध चुने जाने के बाद मंगलवार को वे निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा से पदभार ग्रहण करेंगे। महीनों से चल रही अटकलों पर अब पार्टी नेतृत्व ने अंतिम मुहर लगाने की तैयारी कर ली है।

भाजपा संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना 16 जनवरी को पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अफसर के. लक्ष्मण की ओर से जारी की गई थी। इसके तहत सोमवार को एक ही दिन में नामांकन से लेकर नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की पूरी प्रक्रिया संपन्न होगी। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर दो से शाम चार बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे।



इसके बाद चार से पांच बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और शाम पांच से छह बजे के बीच नाम वापस लेने का समय तय किया गया है। शाम 6.30 बजे चुनाव अधिकारी नामांकन की स्थिति को लेकर प्रेस वक्तव्य जारी करेंगे। चूंकि नितिन नवीन इस पद के लिए एकमात्र प्रत्याशी होंगे, इसलिए मतदान की जरूरत नहीं पड़ेगी और सोमवार को ही उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा हो जाएगी।

यदि किसी कारणवश मतदान की आवश्यकता होती है, तो उसके लिए मंगलवार को प्रातः 11.30 से दोपहर 1.30 बजे तक का समय तय किया गया है। हालांकि पार्टी सूत्रों के अनुसार इसकी संभावना लगभग शून्य है। ऐसे में मंगलवार को औपचारिक रूप से नितिन नवीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लेंगे और जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने 14 दिसंबर 2025 को नितिन नवीन को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर सभी को चौंका दिया था। बिहार सरकार में पथ निर्माण मंत्री और पांच बार के विधायक रहे नितिन नवीन की उम्र महज 45 वर्ष है। उन्हें इस अहम जिम्मेदारी पर लाना पार्टी के उस दीर्घकालिक रणनीतिक संकेत के रूप में देखा गया, जिसके तहत संगठन को युवा नेतृत्व और नई ऊर्जा से लैस करने की कोशिश की जा रही है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद ही यह लगभग तय माना जाने लगा था कि पार्टी उन्हें ही स्थायी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने जा रही है। अब सोमवार को चुनावी औपचारिकताओं के साथ इस पर अंतिम मुहर लगने जा रही है।

# विजय शाह केस की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

## कर्नल सोफिया कुरैशी को बताया था आतंकियों की बहन, छह महीने बाद सुनवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • पिछले साल 11 मई 2025 को मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने एक कार्यक्रम (हलमा सभा) में कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। जिसमें उन्होंने कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बता दिया था। इस बयान को लेकर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट में विजय शाह के बयान मामले पर पिछले साल 28 जुलाई को सुनवाई हुई थी। इसके छह महीने बाद आज सुप्रीम कोर्ट में इस केस की सुनवाई होगी। जुलाई में हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंत्री विजय शाह की ऑनलाइन माफी पर फटकार लगाई थी 11 मई को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम को मंत्री विजय शाह संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा था- 'उन्होंने कपड़े उतार-उतार कर हमारे हिंदुओं को मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा।'



शाह ने आगे कहा- 'अब मोदी जी कपड़े तो उतार नहीं सकते। इसलिए उनकी समाज की बहन को भेजा कि तुमने हमारी बहनों को विधवा किया है, तो तुम्हारे समाज की बहन आकर तुम्हें नंगा करके छोड़ेगी। देश का मान-सम्मान और हमारी बहनों के सुहाग का बदला तुम्हारी जाति, समाज की बहनों को पाकिस्तान भेजकर ले सकते हैं।'

### मंत्री शाह ने एफआईआर को सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

- मंत्री विजय शाह ने 11 मई को महू के रायकुंडा गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया था। इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर मंत्री के खिलाफ 14 मई को महू के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। जिसके खिलाफ विजय शाह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।
- सोमवार 19 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान विजय शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आप पब्लिक फिगर हैं। आपको बोलते समय अपने शब्दों पर विचार करना चाहिए।

# ड्रग्स पार्टी कांड, अबान शकील से खुलते गए राज

## रतलाम फार्म हाउस में की थी पार्टी,मामले में 'आंटी' नेटवर्क की एंट्री; युवतियों के मोबाइल में मिले वीडियो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने गिरफ्तारी से पहले रतलाम स्थित एक फार्म हाउस पर पार्टी की थी। यह फार्म हाउस के संचालक को लेकर पुलिस अपने स्तर पर तलाश कर रही है। युवतियों के मोबाइल फोन से इस पार्टी के वीडियो भी बरामद हुए हैं।

जांच के दौरान 31 दिसंबर का एक वीडियो भी मिला है, जिसमें इंदौर में आयोजित एक पार्टी के दौरान एमडी ड्रग्स के इस्तेमाल की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार कुछ आरोपियों की पहचान की गई, जो खुद भी एमडी ड्रग लेने का आदी बताया जा रहा है और पार्टी करने का शौकीन है।



फिलहाल कनाड़िया पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और इस ड्रग्स पार्टी रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

पूछताछ में युवतियों ने एक 'आंटी' का भी जिक्र किया है। लसूड़िया और विजयनगर क्षेत्र में सक्रिय इस महिला को पुलिस करीब छह महीने पहले गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बताया जा रहा है कि वह इस पूरे रैकेट का बड़ा नाम है और अपने नेटवर्क में कई लड़कियों को फंसा चुकी है। युवतियों के मोबाइल से मिले वीडियो, फोटो और चैटिंग में 'आंटी' की सक्रिय भूमिका के संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस इस एंगल पर अभी गहन जांच कर रही है।

इंदौर पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी गोवा, इंदौर, मुंबई और दिल्ली में एमडी ड्रग की सप्लाई में करते थे। उसके गिरोह में दो युवतियां सक्रिय रूप से पैडलर के तौर पर काम कर रही थीं। युवतियों पर शक आसानी से नहीं होता था। लिहाजा आरोपी और उसका साथी लड़कियों को मोटे कमीशन और ड्रग की फ्री खुराक का लालच देकर तस्करी के काम में जोड़ लेते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रथम बरसी कार्यक्रम आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मांग मातंग समाज सेवी दशरथ रामजी चंदन शिव की प्रथम बरसी कार्यक्रम सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 5:00 बजे तक वाल्मीकि सामुदायिक भवन पंचशील नगर एयरपोर्ट रोड पर रखा गया। उक्त जानकारी रामचंद्रन शिव गुलाब चंदन शिव ने दी।

### मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड का जिजाऊ जन्मोत्सव आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड का जिजाऊ जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 18 जनवरी को श्री मल्हारी मार्तण्ड मंदिर परिसर 203, तिलक इंदौर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिवाश्री आरएस पाटिल ने बताया कि कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य मराठी परिवारों को एकजुट करना, मराठा सेवा संघ का प्रचार-प्रसार एवं समाज में संगठन की विचारधारा को सशक्त बनाना है। इसी उद्देश्य को लेकर 18 जनवरी 2026 इंदौर में संस्कृत कार्यक्रम एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया जा रहा है। कायर्कम में मुख्य अतिथि लता वानखेड़े सांसद सागर लोकसभा, ज्ञानेश्वर पाटील सांसद खंडवा लोकसभा, गौरव रणदिवे प्रदेश महामंत्री प्रदेश भाजपा होंगे।

### गौरी शंकर यादव मध्य प्रदेश के प्रभारी बने

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाजवादी पार्टी द्वारा गौरी शंकर यादव को मध्य प्रदेश के प्रभारी बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी गई इंदौर समाजवादी पार्टी में मध्य प्रदेश के प्रभारी गौरी शंकर यादव को नए प्रभारी बनने पर इंदौर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह राजेंद्र यादव मोहम्मद अली सिद्दीकी डीएस मिश्रा सुषमा यादव ज्योति गां गले राधेश्याम शर्मा मनोज हडिया किरण गोरे लक्ष्मी नामदेव महादेव यादव ललित मेहरा शांति मौर्य रामकिशन मौर्य द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### नई राइड, नया अंदाज़. पेश है बिल्कुल नया चेतक सी25

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दुनिया की सबसे वैल्यूएबल टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज बिल्कुल नए चेतक सी25 के लॉन्च की घोषणा की। चेतक पोर्टफोलियो में शामिल यह स्टाइलिश, स्लीक और यंग एडिशन रोज़मर्रा की आसान आवाजाही के लिए डिजाइन किया गया है। सी25 ब्रांड को एक यंग और कूल पहचान देता है, जबकि इसकी बुनियाद चेतक के उसी डीएनए पर टिकी है जो मजबूती, टिकाऊपन और भरोसेमंद परफॉर्मेंस का प्रतीक रहा है।

## नियम तोड़ने वालों पर बस संचालकों पर होगी सख्ती

# अभियान: इंदौर में स्लीपर बसों पर आरटीओ का बड़ा एक्शन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● यात्रियों की जान की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने स्लीपर बसों पर कड़ा शिकंजा कस दिया है। देश के विभिन्न हिस्सों में हाल के महीनों में स्लीपर बसों में आग लगने और गंभीर हादसों की घटनाओं के बाद अब इंदौर में आरटीओ ने सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। बस संचालकों को साफ कह दिया गया है कि यात्रियों का सफर सुरक्षित हो और सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता न होने दिया जाये। दो दिनों में आधा दर्जन से अधिक बसों पर कार्रवाई की गई है।

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश के तहत बस बॉडी कोड एआईएस-119 एवं एआईएस 052 के अनुसार स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में टीम के एआरटीओ राजेश गुप्ता द्वारा बीते दिनों इंदौर जिले के सभी स्लीपर बस संचालकों और स्वामियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें नियमों की जानकारी देकर पालन के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बस संचालकों से लिया लिखित में बस संचालकों से लिखित में आश्वासन लिया गया कि वे एक माह के अपनी बसों में एफडीएसएस लगवा कर सभी कमियां दूर करेंगे।



**दो दिन शहर भर में चला जांच अभियान:** एआरटीओ मिश्रा ने बताया कि हमारी टीम ने तीन इमली रोड, तीन इमली बस स्टैंड, राजीव गांधी चौराहा और चोइथराम रोड सहित विभिन्न स्थानों पर बस यार्ड में जांच की। निरीक्षण के दौरान कई बसों में अवैध पार्टीशन दरवाजे हटवाए गए, कुछ में सिस्टम नहीं मिला और कई वाहनों में आपातकालीन उपकरणों की कमी पाई गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर एक स्लीपर बस की फिटनेस तत्काल निरस्त कर दिया गया है। साथ ही निजी

एटीएस सेंटरों को भी निर्देश दिए गए हैं कि मानकों पर खरी न उतरने वाली बसों की फिटनेस न करें। आरटीओ के अनुसार इंदौर में कुल 489 स्लीपर बसें पंजीकृत हैं, जिनमें से 70 से अधिक फिलहाल ऑफ-रोड हैं। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### स्लीपर बसों के लिए अनिवार्य किए गए सुरक्षा नियम

बैठक में बताया गया कि स्लीपर बसों में ड्राइवर केबिन और यात्री केबिन के बीच पार्टीशन दरवाजा नहीं होना चाहिए, स्लीपर बर्थ के साथ स्लाइडर या स्टोरेज पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, बसों में एफडीएसएस (फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम) अनिवार्य, सभी बसों में कम से कम 10 किलो का अग्निशमन यंत्र (ग्रीन जोन) होना चाहिए। बस की लंबाई के अनुसार 4 से 5 आपातकालीन द्वार अनिवार्य होना चाहिए, वीएलटीडी, पैनिक बटन और स्पीड गवर्नर चालू हालत में होना जरूरी है, ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन प्रतिबंधित है, फस्ट एड बॉक्स अनिवार्य है तथा चालक द्वारा नशे में वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध है।

## इंदौर कान्सर्ट से नया ट्रेंड, पांच शहरों में होंगे

# अब कथावाचक जया किशोरी से मिलने के लिए भी लगेंगे 14 हजार रुपए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कथावाचक के आयोजन अभी तक निशुल्क होते थे या नाममात्र के शुल्क पर। लेकिन अब कथावाचक जया किशोरी के कान्सर्ट से नया ट्रेंड शुरू हो रहा है। उनके द्वारा डिवाइन कांसर्ट के नाम से पांच शहरों में आयोजन हो रहे हैं, जिसकी शुरूआत इंदौर में हो रही है। इसमें कथा, भजन के आयोजन के साथ यदि व्यक्तिगत मिलना हो तो 14 हजार लगेंगे।

**जया किशोरी पांच शहरों में कर रही आयोजन**-जया किशोरी का डिवाइन कांसर्ट के नाम से कथा व भजन आयोजन हो रहा है। इसकी शुरूआत इंदौर में 21 फरवरी से हो रही है। इसके बाद यह जयपुर में 22 फरवरी को, लखनऊ में 28 फरवरी को और फिर 28 मार्च को हैदराबाद में व 29 मार्च को अहमदाबाद में आयोजित होगा।

**इस तरह मिलने के लिए लगेंगे 14 हजार**-इस आयोजन में टिकट की दरें इस प्रकार हैं। आनंद भूमि जोन में 1099 रुपए, प्रेम रस जोन में 1799 रुपए, भक्ति रस जोन में



2199 रुपए। भक्ति रस जोन के टिकट धारकों को यदि जयाकिशोरी से मिलना हो, तो इसके लिए 16499 रुपए अतिरिक्त देने होंगे। यानी 14 हजार रुपए और देने पर भक्ति रस जोन के टिकट धारक उनसे व्यक्तिगत मुलाकात कर सकेंगे। यह आयोजन इंदौर के फिनिक्स सिटाडेल मॉल में होगा। आयोजन का समय शाम सात बजे से तीन घंटे का रहेगा। इसमें भजन होंगे और आध्यात्मिक संबोधन भी होगा।

# जस्टिस ने चाइनीज मांझे से पेंसिल काटकर देखा बोले ये घातक, ऐसे तो पतंगबाजी पर रोक लगाना होगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● चाइनीज मांझे को लेकर सुओ मोटो याचिका पर सुनवाई करते हुए इंदौर हाईकोर्ट के जस्टिस उस समय हैरान हो गए जब इससे पेंसिल कट गई। एक अधिवक्ता यह धागा लेकर कोर्ट पहुंचे थे। जस्टिस ने हाथ में इसे लेकर पेंसिल काटकर देखा। जस्टिस बोले यदि हालात नहीं सुधरे तो पतंगबाजी पर रोक लगानी होगी। शुक्रवार को इस मामले में जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान इंटरविनर के अधिवक्ता धर्मेंद्र गुर्जर धागा लेकर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह मकर संक्रांति पर उनके घर पर गिरा था। इसे हाथ में लेकर जस्टिस ने पेंसिल काटी तो कट गई। इससे जस्टिस हैरान रह गए और कहा कि यह तो बेहद खतरनाक है। वहीं इस धागे के कारण इंदौर में हुए हादसों पर चिंता जताते हुए कहा कि वह प्रशासन की कार्रवाई नाकाफी है।




बेंच ने कहा कि सख्ती के बाद भी यह हादसे हो रहे हैं। यदि यही हालत रहे तो फिर पतंगबाजी पर रोक लगा देंगे। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को आदेश दिए कि वह इससे जुड़े सभी विभागों को समन्वय कर इसकी बिक्री रोकने की ठोस नीति बनाएं। इसके लिए कोर्ट ने डेढ़ माह का समय दिया है। अगली सुनवाई फिर 9 मार्च को होगी। वहीं कोर्ट में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शरण ने बताया कि ई-कॉमर्स साइट पर यह धागा धड़ल्ले से मिल रहा है। वहीं से लोक ऑर्डर कर रहे हैं। कोर्ट ने इन सभी मामलों का संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई के लिए कहा है।

**80 से ज्यादा केस**-एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया के अनुसार इंदौर में इस मामले में 80 से ज्यादा केस दर्ज हुए हैं। अब तक 125 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दुकानदारों पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। दुकान व गोदाम भी सील हुए हैं।

**लापरवाही से जान लेने का मामला होगा दर्ज**-इसके पहले हाईकोर्ट आदेश कर चुका है कि इस धागे की बिक्री व उपयोग करने वालों के खिलाफ लापरवाही काम से जान लेने का मामला बीएनएस की धारा 106 के तहत केस किया जाए। साथ ही यदि आरोपी नाबालिग है तो इसके अभिभावक पर कार्रवाई हो। इस संबंध में कलेक्टर शिवम वर्मा ने भी हाईकोर्ट के निर्देश पर औपचारिक आदेश जारी किया था।

# बजरंग दल ने पकड़ा गौ-तस्करी से भरा ट्रक, 9 पशु बरामद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि मानपुर थाना क्षेत्र में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सतर्कता दिखाते हुए गौ-तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। मानपुर के दर्जनपुरा टोल क्षेत्र में कार्यकर्ता मौजूद थे, तभी उन्हें एक मुखबिर से सूचना मिली कि लेबड़ की ओर से एक ट्रक अवैध रूप से गौवंश भरकर आ रहा है। सूचना के बाद दोनों ने ट्रक पर नजर रखी। कुछ ही देर में लेबड़ की तरफ से एक संदिग्ध ट्रक आता दिखाई दिया। जब ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तो चालक नहीं रुका और तेज गति से भागने लगा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पीछा कर ग्राम मालीपुरा रोड पर ट्रक को रोका और उसकी जांच की।

जांच के दौरान ट्रक में अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर चार गाय, दो बछड़े, एक भैंस, एक पाड़ा और एक पाड़ी, कुल नौ पशु भरे हुए पाए गए। ट्रक का नंबर ।क्र58-5431 बताया गया। ट्रक चालक ने पूछताछ में अपना नाम संजीव कुमार शर्मा पिता सोमदत्त शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी खेड़ी नरु थाना करनाल जिला करनाल हरियाणा बताया, जबकि उसके साथ मौजूद हेल्पर ने अपना नाम विमलेश कुमार पाल पिता मनोज कुमार पाल उम्र 28 वर्ष निवासी टोगा कला थाना फिरी जिला प्रयागराज उत्तरप्रदेश बताया। जब दोनों से पशुओं को ले जाने के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे पाए।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं को आशंका है कि उक्त गौवंश को अवैध रूप से वध के लिए कत्लखाने ले जाया जा रहा था। सभी कार्यकर्ताओं ने ट्रक, उसमें भरे पशुओं तथा चालक संजीव शर्मा और हेल्पर विमलेश पाल को साथ लेकर थाने पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

घटना की जानकारी मिलने पर बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम ठाकुर थाने पहुंचे और पुलिस से गौ-तस्करी के इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की। वहीं विभाग सहमंत्री पप्पू कोचले ने कहा कि जिले में गौवंश की तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में कठोर कानूनी कार्रवाई जरूरी है।

फिलहाल पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने की कार्रवाई के साथ मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मौके पर विजय चौहान, योगेश मेहरा, धरम सोनकर,सुमित पाल, लक्की, राहुल,सचिन,प्रदीप,सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का दो दिवसीय अ.भा. राजत जयंती परिचय का सम्पन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● क्षत्रिय मराठा सोश्यल ग्रुप का अ.भा. राजत जयंती परिचय सम्मेलन समारोह का गाँधी हॉल में एतिहासिक सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। सोशल ग्रुप के अध्यक्ष गिरिश चव्हाण, पूर्णिमा चव्हाण ने बताया कि रजत जयंती परिचय सम्मेलन दूसरें का उद्घाटन कुल देवी की आरती से हुआ। आज परिचय सम्मेलन के दूसरें सत्र में विदेशों में कार्य कार्य करने वाले प्रत्याशियो के अभिभवक बहू की तलाश में आए थे । यूके में कार्य करने वाला बेटा वैज्ञानिक हैं जिसकी वार्षिक आय एक करोड़ से अधिक है। वही यूके उनका घर का मकान भी। सम्मेलन में जिला कोर्ट एवं हाई कोर्ट के जज भी जीवन साथी की तलाश में आए थे। वही डाक्टर, इंजिनियर, वकील, आदि प्रत्याशी अपने जीवन साथी की तलाश हेतु सम्मेलन में भाग लिया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर इंदौर में विकासखण्ड स्तरीय व्याख्यान माला आयोजित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 'स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं युवा भारत' विषय पर विकासखण्ड स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन शासकीय होलकर महाविद्यालय, इंदौर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक ऋतुजा पहाड़े ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री विशाल पुरोहित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती भक्ति चंदेल, मनीष शाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राहुल पाटिल (उज्जैन) रहे।

# इंदौर मेट्रो की संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर परीक्षण और कमीशनिंग कार्यों को पूर्ण करना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर मेट्रो रेल के संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन स्क्वायर) तक कुल 16 स्टेशन के शीघ्र संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परीक्षण, कमीशनिंग एवं सिस्टम इंटीग्रेशन से संबंधित कार्य तीव्र गति से प्रगति पर हैं।

सिग्नलिंग एंड टेलीकम्युनिकेशन (एसटी) प्रणालियों के एकीकृत परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य वर्तमान में अपने अंतिम चरण में है। इसी क्रम में मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन (रेडिसन स्क्वायर) तक सम्पूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (सभी 16 स्टेशन) पर ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। आगामी चरण में वर्तमान में संचालित खंड को नॉन, कमीशंड सेक्शन के साथ एकीकृत करने हेतु संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर पर आवश्यक व्यापक परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य किया जाना है।

इन कार्यों को सुचारु, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए शेष परीक्षण एवं कमीशनिंग गतिविधियों को पूर्ण करने हेतु 15 जनवरी 2026 से 25 जनवरी 2026 तक संपूर्ण प्राथमिकता कॉरिडोर (गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर-03 तक) पर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने राजस्व सेवाओं को निलंबित (मेगा ब्लॉक) करने का निर्णय किया गया है।

### बदलते समय में युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने वाला एक प्रेरक आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज आधुनिकता की होड़ में जहां पारिवारिक उत्सव अपने निजी वैभव के प्रदर्शन, डीजे की धुन पर नाच, चकाचौंध, दिखावे और खुले फैशन की भेंट चढ़ चुके हैं वहीं शहर के समाज सेवी दम्पत्ति जितेंद्र राठी और प्रिया राठी द्वारा अपने विवाह की 25वीं वर्षगांठ जैसे यादगार अवसर पर अपने परिजनों और अतिथियों को गौसेवा के लिए आमंत्रित करना भारतीय परम्परा और संस्कारों का वाहक बन गया। यह कार्यक्रम गोम्मटगिरी की सुरम्य तलहटी में स्थित गोवर्धन गौशाला में आयोजित किया गया। जहां 600 से अधिक गौवंश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उन्हें 56 भोग अर्पित किया गया। इस तरह यह आयोजन केवल एक पारिवारिक उत्सव नहीं रहा, बल्कि भारतीय संस्कृति, करुणा और सेवा भाव से जुड़ा एक जीवंत संदेश बन गया।

### पशुपालन एवं पशु कल्याण को लेकर प्रदेश भर में चलेगा एक माह का जागरूकता अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में भी पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा।

# छोटी ग्वालटोली में बदली जाएगी 40 साल पुरानी नर्मदा पाइप लाइन

## दूषित पानी की समस्या का निराकरण नहीं करने पर इंजीनियर को फटकार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के सेवन से हुई मौत की घटना के बाद नगर निगम दूषित पानी की शिकायतों का निराकरण गंभीरता से करने का दावा कर रहा है। वहीं, शहरभर से निगम को प्रतिदिन औसतन 100 शिकायतें मिल रही हैं। शिकायतें मालवीय नगर, वेलोसिटी, चंद्रभागा, कबूतरखाना, गौरी नगर, मयूर नगर, पालदा जैसे क्षेत्र से मिल रही हैं। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने दूषित पानी की शिकायतों वाले क्षेत्रों का दौरा रविवार को किया। इस दौरान मयूर नगर और इदरीश नगर में गंदे पानी की समस्या के निराकरण में लापरवाही करने वाले इंजीनियर को फटकार लगाई, साथ ही आगामी दो दिनों में शिकायत हल नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।



निगमायुक्त सिंघल ने बताया कि भागीरथपुरा जैसी घटना दोबारा नहीं हो, इसके लिए जल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल सुनवाई और दूषित पेयजल की शिकायतों के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद इंजीनियर लापरवाही करते हैं तो सेवा समाप्त की जाएगी। शहर के जिन क्षेत्रों से दूषित पानी की शिकायतें मिल रही हैं, वहां निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके तहत छोटी ग्वालटोली, मयूर नगर एवं इदरीश नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सिंघल ने बताया कि छोटी ग्वालटोली स्थित पटेल प्रतिमा चौराहे के पास लगभग 40 वर्ष पुरानी नर्मदा पेयजल लाइन को बदलने के निर्देश दिए हैं। यह क्षेत्र पुरानी बसाहट वाला है, जिसके चलते इस क्षेत्र में लाइनें पुरानी हो चुकी हैं। यहां ड्रेनेज लाइनों का सर्वे भी किया जा रहा है। निर्देश दिए गए हैं कि दूषित पानी की जांच पॉइंट टू पॉइंट की जाए। नर्मदा पेयजल के आसपास ड्रेनेज लाइनें नहीं होनी चाहिए।

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

इंदौर, सोमवार 19 जनवरी 2026

# वर्षों पुराने आबकारी अधिनियम में होगा संशोधन, कई कंडिकाएं होंगी खत्म

**भोपाल (एजेंसी)** ●प्रदेश सरकार वर्षों पुराने आबकारी अधिनियम में संशोधन करने जा रही है। आबकारी विभाग ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों की एक विशेष टीम बनाई गई है, जो जल्द ही अधिनियम में संशोधन कर फायनल रिपोर्ट आबकारी विभाग को सौंपेगी। वरिष्ठ अधिकारी रिपोर्ट का अध्ययन कर इस पर अंतिम निर्णय लेंगे। इसके बाद अधिनियम में संशोधन संबंधी प्रस्ताव मंजूरी के लिए कैबिनेट में रखा जाएगा। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक राज्य में मप्र आबकारी अधिनियम-1915 लागू है। यह अधिनियम अंग्रेजी शासनकाल में तैयार किया गया था। इसमें कई ऐसी अव्यावहारिक कडिकाएं हैं, जो वक्त के साथ अप्रासंगिक हो गई है। इनमें वे प्रदेश आबकारी कडिकाएं शामिल हैं, जिनसे सरकार को पिछले कई वर्षों से कोई राजस्व प्राप्त नहीं हो रहा है। इन कंडिकाओं को अधिनियम से विलोपित किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर ताड़ी और डोडा चूरा से अब सरकार को राजस्व प्राप्त नहीं होता, ऐसी कडिकाओं को विलोपित किया जाएगा। मप्र आबकारी अधिनियम-1915 प्रदेश में शराब (मादक पदार्थों) के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और उपभोग को नियंत्रित करने वाला मुख्य कानून है, जिसमें जहरीली शराब से से जुड़े जुड़े अपराधों के लिए सख्त दंड (जैसे आजीवन कारावास/मृत्युदंड), बिना वारंट गिरफ्तारी के अधिकार (धारा 54-ए), और महुआ जैसी पारंपरिक शराब के लिए नियम शामिल हैं और




इसमें समय-समय पर संशोधन होते रहते हैं।

## नई आबकारी नीति में 21 हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य

आबकारी नीति 2026-27 का ड्राफ्ट तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। ड्राफ्ट फाइनल होने के बाद जल्द ही इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष रखा जाएगा। इस पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री लेंगे। इसके बाद इसे कैबिनेट की बैठक में लाया जाएगा। नई आबकारी नीति 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगी। नई आबकारी नीति में शराब शराब दुकानों की बिक्री से करीब 21 हजार करोड़ के राजस्व की प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। पिछली बार शराब दुकानों की बिक्री से 18 हजार करोड़ राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया था। साथ ही नीति में शॉपिंग मॉल में महंगी शराब के काउंटर खोला जाना भी प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में प्रस्ताव को हरी झंडी देने या नहीं देने को लेकर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव लेंगे। नई आबकारी नीति में शराब दुकानों के चालू वित वर्ष के मूल्य में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करके ही दुकानों के आवंटन की कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित है। सबसे पहले नवीनीकरण के जरिए दुकानें आवंटित होंगी। फिर लॉटरी के जरिए और इसके बाद ई-टेंडर के माध्यम से शराब दुकानों का ठेका दिया जाएगा।

### पिछले साल 47 दुकानें बंद हुई थीं, इस बार एक भी नहीं होगी

नई आबकारी नीति में न कोई शराब दुकान बंद करने का प्रस्ताव है और न ही नई शराब दुकान खोला जाना प्रस्तावित है। आबकारी नीति 2025-26 में प्रदेश के 17 धार्मिक नगरों में शराब दुकानों को बंद करने का निर्णय लिया गया था। इससे इन शहरों की 47 शराब दुकानें बंद हो गई थी। नई नीति में पूर्व की तरह नर्मदा किनारे 5 किलोमीटर की परिधि में शराब दुकानें नहीं खोले जाने और धार्मिक व शैक्षणिक स्थलों से शराब दुकानों की दूरी पूर्व की तरह 100 मीटर निर्धारित रखा जाना प्रस्तावित किया गया है। मप्र में शराब दुकानों की कुल संख्या 3,558 है। ये सभी कंपोजिट दुकानें हैं। मप्र में ई-टेंडर के जरिए शराब दुकानें नीलाम होती हैं।

## श्री परशुराम सेना द्वारा तिथि दर्पण वार्षिक कैलेंडर का विमोचन आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अत्यंत हर्ष का विषय है की परशुराम सेना द्वारा वार्षिक तिथि दर्पण (कैलेंडर) 2026 का प्रकाशन किया जा रहा है इस तिथि दर्पण के माध्यम से सनातन हिंदू तिथि, त्योहारों और ब्राह्मण समाज से जुड़े पर्वो के उल्लेख का रचनात्मक प्रयास किया गया है। श्री परशुराम सेना के संरक्षक पंडित संजय शुक्ला (पूर्व विधायक) और इंदौर महानगर संयोजक पं दीपक शर्मा, अध्यक्ष पं प्रकाश शर्मा (पप्पी) ने बताया इसका विमोचन 19 जनवरी सोमवार को परशुराम वाटिका मरीमाता चौराहे पर साधु संतों और वरिष्ठ समाज सेवियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जाएगा। परोक्त आयोजन के दौरान समाज के सम्मानित वरिष्ठ जन और मातृ शक्तियों भी उपस्थित रहेंग

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रख्यात कवि स्व. हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रख्यात कवि स्व. हरिवंश राय बच्चन की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कवि स्व. बच्चन की कृतियों में नव उत्साह का संचार और संवेदनाओं का स्पंदन है, जो साहित्य को और भी समृद्ध बनाता है। उनकी कृतियां साहित्य जगत की ही नहीं, देश की धरोहर हैं।

## रॉबर्ट नर्सिंग होम में अमेरिका और इंदौर के सहयोग से वृहद तीन दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●रॉबर्ट नर्सिंग होम में अमेरिका के AIPNO क्लब (ओहायो) और इंदौर के रोटरी क्लब ऑफ इंदौर - अहिल्या, गैलेक्सी, वैली, आदर्श, मालविका एवं मार्शल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय वृहद निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आज आयोजित होगा। इस शिविर में अमेरिका से पधारे विभिन्न विशेषज्ञ क्षेत्रों के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा नागरिकों को निःशुल्क परीक्षण, परामर्श एवं दवा वितरण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े द्वारा किया गया। उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय सेवा सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब एवं AIPNO द्वारा किया जा रहा यह प्रयास मानव सेवा की उत्कृष्ट मिसाल है। उन्होंने अमेरिका से आए चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए इंदौर में इस शिविर के आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। इस निःशुल्कि चिकित्सा शिविर में रोटरी क्लब द्वारा 15 दृष्टिहीन विद्यार्थियों को स्मार्ट ग्लास प्रदान किए गए। इस स्मार्ट ग्लास की सहायता से वे देख, सुन एवं पढ़ सकते हैं। यह पहल सामाजिक समावेशन और तकनीक आधारित सशक्तिकरण का प्रेरणादायी उदाहरण बनी। जिसकी सभी उपस्थितजनों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। पहले दिन लगभग 200 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयाँ भी वितरण की गयी। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सुखदेव सिंह घुम्मण, डॉ.विजयसेन यशलाहा (सचिव, रॉबर्ट्स नर्सिंग होम) किशोर रघुवंशी (ट्रस्टी) उपस्थित थे। निःशुल्क चिकित्सा शिविर के प्रणेता अमेरिका निवासी रमेश भाई शाह एवं को-ऑर्डिनेटर कमलेश शाह हैं, जिन्होंने पिछले एक वर्ष से इस सेवा यात्रा की रूपरेखा तैयार की।

सांध्य दैनिक

इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख बढ़कर 28 जनवरी हुई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग के मध्य MOU के माध्यम से संचालित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए पूर्णतया निःशुल्क श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में छात्रों की संख्या को प्रोत्साहित करने प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख 20 जनवरी से बढ़ाकर 28 जनवरी कर दी गई है। श्रमोदय आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं से 9 वीं तक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 फरवरी को है। शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल एवं इंदौर में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 28 जनवरी तक कर दी गई है।

## इंदौर में राज्य स्तरीय नि :शुल्क प्रांतीय प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का होगा आयोजन

**इंदौर** ● क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ, इंदौर संभाग ने जानकारी दी है कि स्वर्णिम फाउंडेशन द्वारा 08 फरवरी को इंदौर में प्रांतीय स्तर का निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प आयोजित किया जायेगा। निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प में अमेरिका से आए विशेषज्ञ डॉक्टर एवं सर्जन मरीजों की जाँच करेंगे। मरीजों की जाँच सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी।



## भोपाल की ताल के चौपाल से



# मंत्री जी की पहली विदेशी यात्रा और साहब को मैडम से हुआ तगड़ा प्यार

**बोल हरि बोल**



**हरीश दिवेकर**

मध्यप्रदेश में इन दिनों मंत्री जी की पहली विदेश यात्रा, आईपीएस मीट में विवाद, और एक आईएएस अफसर का दिल मैडम पर आना चर्चाओं का विषय बन गया है। आज के बोल हरि बोल में पढ़िए मध्यप्रदेश की सियासत और नौकरशाही में कई दिलचस्प किस्से... मप्र की सियासत और नौकरशाही में इस हफ्ते भी सब कुछ सरकारी नहीं रहा। कहीं दिल ने फाइलों से आगे बढ़कर फैसला ले लिया, तो कहीं अंदाज़-ए-बयां ने पुराने दिनों की याद दिला दी। कुल मिलाकर, यह हफ्ता ऐसा रहा... जिसने सत्ता और मंत्रालय के गलियारों को रोचक किस्सों से भर दिया। एक तरफ एक आईएएस साहब का दिल एक मैडम पर आ गया है और यह मामला मंत्रालय से लेकर ड्रॉइंग रूम तक फुसफुसाहट का विषय बना हुआ है। दूसरी तरफ, मामा का अंदाज़-ए-बयां फिर चर्चा में है। कुछ लोगों को यह शैली पसंद आई है, तो कुछ इसे सियासी संकेत मान रहे हैं। आईपीएस मीट में डॉक्टर साहब ने जो कहा, उसने भी अफसरों के बीच खूब कानाफूसी करवाई। वहीं, भोपाल के एक नेताजी अपने बयान की वजह से इस हफ्ते चर्चा से ज्यादा हंसी के पात्र बन गए हैं।

## ऐसा स्वागत तो बनता है जी!

सूबे के एक माननीय पहली बार मंत्री बने हैं। अब सत्ता में दो साल रहने के बाद वे डॉक्टर साहब के साथ पहली बार विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। ऐसे मौके रोज-रोज थोड़े ही आते हैं। मंत्री जी के चाहने वालों ने भी तय कर लिया कि खुशी मनानी है तो पूरे मन से मनाई जाए। नतीजा ये हुआ कि गांव में मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया गया। फूल-मालाएं, मिठाइयां और ढेर सारी शुभकामनाएं... मंत्री जी को गांव से ऐसे रवाना किया गया, जैसे वे किसी बड़े मिशन पर जा रहे हों। कहते हैं, गांवों में आज भी परंपराएं जिंदा हैं। यहां छोटी-छोटी खुशियां भी बड़े उत्सव में बदल जाती हैं। मंत्री जी भी इस आत्मीयता से गदगद दिखे। उन्होंने गांव वालों के इस उत्साह के फोटो-वीडियो बाकायदा सोशल मीडिया पर डाले और दिल खोलकर आभार जताया। खैर, मंत्री जी को बधाई... आखिर ऐसा स्वागत तो बनता है जी!

## ये तारीफ थी या कमेंट्स?

आईपीएस मीट में खाकी वर्दी के मुखिया ने प्रदेश में पुलिसिंग को लेकर लंबे-चौड़े कसीदे पढ़े। इसके बाद बारी थी डॉक्टर साहब के संबोधन की। उन्होंने माइक थामकर अपनी बात शुरू की। उन्होंने सबसे पहले कहा कि मैं पुलिस के मुखिया के भाषण में विभाग की उपलब्धियों को सुनकर थोड़ी देर गफलत में पड़ गया था। मुझे समझ ही नहीं आया कि मैं आईपीएस मीट में आया हूं या पुलिस की किसी सरकारी मीटिंग में। इस पर सबने खुलकर ठहाका लगाया। हालांकि डॉक्टर साहब ने तुरंत बात संभाली और वर्दी वाले साहब की तारीफ भी की, लेकिन असली गॉसिप यहीं से शुरू हुई। मीट खत्म होते-होते सीनियर से लेकर जूनियर आईपीएस तक आपस में कानाफूसी करने लगे कि डॉक्टर साहब ने तारीफ की थी या कमेंट किया है? खैर, मंच पर सब मुस्कान में सिमट गया और बाहर निकलते-निकलते मामला भी। चलिए, फिलहाल तो यही मान लेते हैं कि अंत भला तो सब भला...।

## खाकी वाले साहब का गीता ज्ञान

एक आईपीएस साहब इन दिनों बिल्कुल अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। साहब ने सुबह की दिनचर्या में गीता के श्लोक शामिल कर लिए हैं। सुबह-सुबह साहब गीता के श्लोकों का हिंदी और अंग्रेजी में अनुवाद करते हैं और फिर खुद की आवाज में रिकॉर्ड कर उसे व्हाट्सएप पर अपने खास लोगों को भेजते हैं। मजेदार बात यह है कि ये कोई भारी-भरकम प्रवचन नहीं होते, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी, तनाव और उलझनों से निकलने के आसान सूत्र होते हैं। साहब का यह आध्यात्मिक अवतार लोगों को खूब भा रहा है। दफ्तर की टेंशन, फैसलों का दबाव और जीवन की दौड़... इन सबके बीच गीता ज्ञान को वे ऐसे परोस रहे हैं कि सुनने वाला भी खुद को थोड़ा हल्का महसूस करे। अब पुलिस महकमे में कानाफूसी है कि साहब ने शायद समझ लिया है कि खाकी संभालने के लिए भी कभी-कभी कृष्ण का ज्ञान जरूरी होता है। वैसे, गीता की क्लास रोज चलेगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन फिलहाल साहब का अध्यात्म वाला अंदाज चर्चा में है।

## आईएएस पर करम, आईपीएस पर सितम!

प्रशासनिक गलियारों में इन दिनों एक चर्चा जोर पकड़ रही है कि डॉक्टर साहब की तराजू आईएएस की तरफ ज्यादा झुकी नजर आ रही है। अंदरखानों की मानें तो इस बार सीआर की परीक्षा में आईएएस को अच्छे नंबर मिले हैं। आपको बता दें कि जिन आईएएस अधिकारियों को प्रशासनिक मुखिया से उम्मीद के मुताबिक नंबर नहीं मिले थे, उनके अंक भी डॉक्टर साहब ने बढ़ा दिए हैं। लेकिन कहानी का दूसरा पहलू खाकी से जुड़ा है। चर्चा है कि आईपीएस अफसरों के साथ मामला ठीक उलटा रहा। वर्दी वाले बड़े साहब ने अपने अफसरों को जो नंबर दिए थे, डॉक्टर साहब ने उन पर कैंची चला दी। नतीजा यह हुआ है कि खाकी खेमे में हल्की बेचैनी और गहरी चुप्पी है अब सच क्या है और गणित कैसे बैठा, यह तो आईपीएस अफसर ही बेहतर समझ पाएंगे। इतना तय है कि इन दिनों मंत्रालय से लेकर पुलिस मुख्यालय तक एक ही सवाल तैर रहा है कि ये क्या डॉक्टर साहब का कोई मैसेज है?

## मामा का अंदाज-ए-बयां...

मामा अपने सौम्य और सहज स्वभाव के लिए पहचान रखते हैं, लेकिन विदिशा में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सामने जो हुआ, उसे मामा की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। जी हां, मामा ने मंच से कहा कि लोग विदिशा के गड्ढों के साथ मेरी फोटो डाल रहे हैं। इस पर एक पल के लिए तो मानो सनाका खिंच गया। फिर डॉक्टर साहब ने जवाब में कहा कि जो भी आपने मांगा है, सब दे देंगे। सरकार आपके साथ है। बात यहीं नहीं थमी। जब मामा भाषण दे रहे थे, तब एक माननीय डॉक्टर साहब से बात कर रहे थे। यह देखकर मामा ने कहा कि आप डिस्टर्ब मत कीजिए... अभी हम बोल रहे हैं। इसके जवाब में माननीय ने कहा कि मैं डिस्टर्ब नहीं कर रहा। मैं तो आपके ही सपोर्ट में बोल रहा था। विदिशा के इस घटनाक्रम को मामा की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके पीछे वजह यह है कि मामा का अंदाज उनके स्वभाव के उलट था। अब इसके और क्या मायने हैं, ये तो मामा और डॉक्टर साहब ही जानें, लेकिन लगता है कि कोई मैसेज देने की कोशिश की गई है।

## साहब का दिल बेकरार हुआ!

इन दिनों राजधानी में एक आईएएस अफसर की प्रेम-कहानी सुर्खियां बटोर रही है। सचिव स्तर के ये साहब दिल के मामले में ज्यादा ही आगे निकल गए हैं। उनकी इस प्रेम कहानी की शुरुआत बिल्कुल प्रोफेशनल थी। काम-काज के सिलसिले में साहब की मैडम से मुलाकात हुई और दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। साहब मलाईदार कुर्सी पर विराजमान हैं। वहीं, मैडम संभ्रांत परिवार की बहू हैं। उनके परिवार का नाम अपने आप में ब्रांड है। उनका एक फेमस अस्पताल है। ऊपर से यह परिवार नामी कंपनी का सैलून भी चलाता है। मैडम खुद भी कोई साधारण प्रोफाइल नहीं रखतीं। वे एक बड़ी कंसल्टेंसी में ओहदे पर हैं। बस, ये कहानी भी उसी तरह आगे बढ़ी, जैसे होता है। फाइलों के बीच साहब और मैडम की नजरें मिलीं। मीटिंग्स बढ़ीं और वही कहानी... आंखें चार हुईं, दिल बेकरार हुआ। अब साहब और मैडम के अफेयर की चर्चा मंत्रालय से लेकर हाई-प्रोफाइल ड्रॉइंग रूम तक पहुंच गई है। अब ये साहब कौन हैं, उनका नाम जानने के लिए थोड़ी मेहनत आप भी कीजिए।

## नेताजी का ये बयान भी...

नंबर बढ़ाने के चक्कर में नेता क्या-क्या बोल जाते हैं, इसका ताजा नमूना राजधानी में देखने को मिला है। एक माननीय का बयान इन दिनों राजनीतिक गलियारों में खासा चर्चा में है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जब वे मेयर थे, तब एक अधिकारी उन्हें हटाने की कोशिश कर रहा था। अब नेताजी शायद ये भूल बैठे कि मेयर को हटाने का अधिकार किसी अफसर के पास होता ही नहीं। लेकिन बयान तो दे दिया गया... वो भी पूरे आत्मविश्वास के साथ। ऐसे में सुनने वाले पहले चौंके, फिर मुस्कराए और बाद में कानाफूसी शुरू हो गई। मामला भोपाल स्लॉटर हाउस से जुड़ा है। उसी संदर्भ में नेताजी भावनाओं में कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए। हालांकि दिलचस्प बात ये रही कि उन्होंने जिस अफसर का जिक्र किया था, उसका नाम बताने से परहेज किया।

## खीर में साथ, महेरी में न्यारे

आपने वो कहावत तो सुनी ही होगी- खीर में साथ और महेरी में न्यारे। यही हाल इन दिनों इंदौर का है। शहर संकट से जूझ रहा है, लेकिन सियासी मैदान में खामोशी है। जिन नेताओं को उपलब्धियों के मंच पर फोटो खिंचवाते देखा जाता है, वही मुश्किल घड़ी में नजर नहीं आ रहे हैं। घटनाक्रम के बीच सांसद महोदय सिर्फ राहुल गांधी के दौरे के दौरान क्षणिक नारेबाजी तक ही सीमित रहे। साथ में मेयर पुष्यमित्र भार्गव भी नजर आए, लेकिन पूरा दृश्य किसी मजबूत हस्तक्षेप से ज्यादा कोरम पूरा करने जैसा था। सबसे ज्यादा चर्चा स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला की गैरहाजिरी की है। जल त्रासदी और स्वास्थ्य संकट के बीच उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। मंत्री तुलसी सिलावट ने भी इस मामले में दूरी बनाए रखी है। विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, मनोज पटेल और उषा ठाकुर जैसे तमाम नाम भी कटे-कटे नजर आ रहे हैं। शहर पूछ रहा है कि ये नेता संकट में कहां हैं? हालांकि इस सन्नाटे के बीच नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने जरूर कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये देने का ऐलान किया है।

## सम्पादकीय

### संकीर्ण सोच के चलते अधर में अनाथों का भविष्य, आखिर बड़ी उम्र के बच्चों को गोद लेने से क्यों कतराते हैं दंपति?

अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है। वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर बड़ी संख्या में दंपति बच्चों को गोद लेने के लिए बरसों इंतजार करते हैं, तो दूसरी ओर ऐसे अनाथ बच्चे भी हैं, जो उम्र बढ़ने के साथ गोद लिए जाने से वंचित रह जाते हैं। केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के आंकड़े बताते हैं कि गोद लेने के मामले में समाज का नजरिया किस कदर संकुचित है। इस समय प्राधिकरण के पास ऐसे कई बच्चे हैं, जिनकी उम्र छह वर्ष या इससे अधिक हो गई है। यह दुखद है कि कई दंपति बच्चा तो गोद लेना चाहते हैं, लेकिन साथ ही उम्र सीमा भी तय कर देते हैं। आज भी लोग नवजात शिशु अथवा पांच साल तक के बच्चों को ही गोद लेना पसंद करते हैं। सवाल है कि संतान सुख पाने के लिए क्या यह नजरिया सही है? उम्र और रंग-रूप के आधार पर बच्चों में भेदभाव करने की प्रवृत्ति को स्वस्थ सोच कहा जा सकता है? गौरतलब है कि गोद लेने की प्रक्रिया के साथ प्रतीक्षा सूची लंबी होने का खमियाजा बच्चों को ही भुगतना पड़ता है। कई बार दंपति की जटिल शर्तों से उनकी उपेक्षा ही होती है। इस जद्दोजहद के बीच कई बच्चे पांच-छह साल की उम्र पार कर जाते हैं और उनके गोद लिए जाने की उम्मीद धुंधली होती जाती है। अगर निसंतान दंपति अपनी सामाजिक सोच बदलें, तो बड़ी उम्र के बच्चों को भी परिवार मिल सकता है और उनका भविष्य संवर सकता है। वैसे भी बड़े बच्चे समझदार होते हैं और धीरे-धीरे माता-पिता से जुड़ाव के साथ नए परिवार में भी घुल-मिल जाते हैं। अगर दंपति धैर्य रखें और ऐसे बच्चों को प्यार एवं प्रोत्साहन दें, तो यह उनके लिए भी सुखद होगा। निस्संदेह हर बच्चे का अपना घर-परिवार होना चाहिए। इसलिए सामाजिक सोच में बदलाव जरूरी है, ताकि अनाथ बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह खुशहाल जिंदगी मिल सके और वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। परिवार में शामिल होने पर अनाथ बच्चे खुद को मूल्यवान महसूस करते हैं व इससे न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे समाज में सम्मान के भी हकदार होते हैं।

# नाटो की नींव पर प्रहार: ग्रीनलैंड विवाद और बदलती वैश्विक धुरी



डोनाल्ड ट्रंप की ग्रीनलैंड को लेकर अपनाई गई आक्रामक नीति अब न तो सनक भर रह गई है और न ही चुनावी बयानबाज़ी तक सीमित है। यह 2026 की वैश्विक राजनीति का एक गंभीर और निर्णायक संकट बन चुकी है। जनवरी 2026 में ट्रंप के ऐलान किया कि 1 फरवरी 2026 से डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड्स और फिनलैंड (आठ नाटो देशों) के आयात पर 10% टैरिफ लगेगा, जो 1 जून 2026 से 25% तक बढ़ जाएगा—जब तक ग्रीनलैंड की 'पूर्ण और संपूर्ण खरीद' पर डील नहीं हो जाती। यह बयान उस सोच को उजागर करता है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय राजनीति को कूटनीति नहीं, बल्कि दबाव और सौदेबाज़ी का खेल माना जा रहा है।

ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप का यह रवैया नया नहीं है। 2019 में भी उन्होंने इसे एक 'रियल एस्टेट डील' बताया था, जिसे उस समय मज़ाक या कूटनीतिक अपरिपक्वता कहकर टाल दिया गया। लेकिन सात साल बाद वही विचार एक अलग, अधिक संगठित और खतरनाक रूप में सामने आया है। अब इसे राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक क्षेत्र में चीन और रूस की बढ़ती मौजूदगी और दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण जैसे तर्कों से जोड़ा जा रहा है। यही कारण है कि यह मुद्दा अब केवल अमेरिका और डेनमार्क के बीच सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे नाटो और वैश्विक व्यवस्था के लिए चुनौती बन गया है।

यूरोप की प्रतिक्रिया इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करती है। डेनमार्क ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है, जबकि ग्रीनलैंड के लोग भी सड़कों पर उतरकर अपनी स्वायत्तता और पहचान की रक्षा कर रहे हैं। 'कोई दबाव नहीं, कोई संकेत नहीं' जैसे बयान यह दर्शाते हैं कि स्थानीय नेतृत्व किसी भी सूरत में बाहरी दबाव स्वीकार करने को तैयार नहीं है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों ने भी एकजुट होकर ट्रंप की धमकी को अंतरराष्ट्रीय कानून और संप्रभुता के खिलाफ बताया है। यूरोप की सड़कों पर गूंजते 'यांकी गो होम' जैसे नारे इस असंतोष की तीव्रता को उजागर करते हैं।

ट्रंप के तर्क अपनी जगह साफ हैं। आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ पिघलने से नए समुद्री मार्ग खुल रहे हैं, जो वैश्विक व्यापार और सैन्य रणनीति दोनों के लिए अहम हैं। इसके अलावा, ग्रीनलैंड में लिथियम, कोबाल्ट और अन्य रेयर अर्थ एलिमेंट्स की भरपूर उपलब्धता है, जो भविष्य की तकनीक—इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और नवीकरणीय ऊर्जा—के लिए अनिवार्य मानी जाती है। ट्रंप का दावा है कि ग्रीनलैंड 'गोल्डन डोम' मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए रणनीतिक रूप से आवश्यक है, हालांकि विशेषज्ञों का मत है कि वर्तमान पिटुफिक अंतरिक्ष आधार और डेनमार्क के साथ हुए समझौतों के कारण अमेरिका को पहले से ही पर्याप्त पहुंच है, तथा पूर्ण क्रय की जरूरत विवादित है। इन दलीलों के पीछे संसाधनों और प्रभुत्व की पुरानी लालसा ही काम कर रही है।

आर्थिक दृष्टि से यह प्रस्ताव कई गहरे सवाल खड़े करता है। ट्रंप की टीम ने ग्रीनलैंड की संभावित खरीद कीमत 700 बिलियन डॉलर तक बताई है, जिसमें खरीद के अलावा माइंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और सब्सिडी के लिए सैकड़ों बिलियन अतिरिक्त खर्च शामिल हैं, और लाभ 10-20 साल बाद दिख सकता है। जबकि विशेषज्ञों का आकलन है कि इससे किसी ठोस आर्थिक लाभ के संकेत कम से कम दो दशक बाद ही सामने आ सकते हैं। इसके बावजूद, टैरिफ जैसे आर्थिक हथियारों के जरिए सहयोगी देशों पर दबाव बनाना नाटो की मूल भावना और आपसी भरोसे के खिलाफ जाता है। यही कारण है कि इस कदम को केवल एक आक्रामक नीति नहीं, बल्कि गठबंधन की विश्वसनीयता पर सीधा खतरा माना जा रहा है।

इस टकराव का प्रभाव यूरोप की सीमाओं तक सीमित नहीं रहने वाला है। वैश्विक सप्लाई चेन पहले ही दबाव में है, और यदि ट्रंप की टैरिफ नीति से ट्रेड वॉर तेज होता है, तो इसके झटके पूरी दुनिया में महसूस किए जाएंगे। इसी बीच रूस और चीन आर्कटिक क्षेत्र में अपनी मौजूदगी लगातार बढ़ा रहे हैं, और विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप की आक्रामक रणनीति अनजाने में उन्हें और रणनीतिक अवसर प्रदान कर सकती है। यह 'पावर पॉलिटिक्स' का नया चरण है, जहां आर्थिक दबाव को भू-राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के औज़ार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

भारत के लिए यह पूरा घटनाक्रम अप्रत्यक्ष होते हुए भी दूरगामी असर रखने वाला है। भारत आर्कटिक काउंसिल का ऑब्जर्वर है और जलवायु परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र में उभरते संसाधनों और नए समुद्री मार्गों में उसकी दिलचस्पी स्वाभाविक है। ग्रीनलैंड के रेयर अर्थ मिनरल्स भारत की इलेक्ट्रिक वाहन नीति, बैटरी निर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों के लिए बेहद अहम हैं। यदि अमेरिका इन संसाधनों पर नियंत्रण स्थापित करता है, तो भारत के लिए अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग के नए रास्ते खुल सकते हैं, विशेषकर क्वाड और इंडो-पैसिफिक ढांचे के अंतर्गत।

फिर भी, जोखिम को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। ट्रंप की टैरिफ नीति का असर भारत पहले भी महसूस कर चुका है। यदि यूरोप के साथ ट्रेड वॉर गहराता है, तो वैश्विक मांग में संभावित गिरावट भारत की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा सकती है। इसके साथ ही, अमेरिका और यूरोप के बीच बढ़ता तनाव वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा करेगा, जिसका सीधा असर भारत के फार्मा, टेक्सटाइल और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर पड़ सकता है।

फिर भी, हर बड़े संकट के भीतर नए अवसरों के बीज छिपे होते हैं। यदि यूरोप अमेरिका से रणनीतिक दूरी बनाता है, तो भारत-यूरोप मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को निर्णायक गति मिल सकती है। यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बढ़त साबित होगी, जिससे उसके उद्योगों को नए और स्थिर बाजार मिलेंगे। साथ ही, आर्कटिक क्षेत्र में अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा तेज होने की स्थिति में भारत को रिसर्च, विज्ञान और संसाधन सहयोग के नए और उपयोगी मंच उपलब्ध हो सकते हैं।

भारत की कूटनीति के लिए यह समय संतुलन और सूझ-बूझ की सख्त परीक्षा है। बहुपक्षीयता और संप्रभुता का समर्थक होने के नाते ग्रीनलैंड जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भारत को सोच-समझकर तटस्थ रुख अपनाना होगा। अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाए रखते हुए यूरोप, रूस और चीन के साथ संतुलन साधना ही भारत के दीर्घकालिक हितों की कुंजी है। यही संतुलन भारत को उभरती बहुध्रुवीय दुनिया में एक स्वतंत्र, भरोसेमंद और प्रभावशाली शक्ति के रूप में स्थापित कर सकता है।

ट्रंप का ग्रीनलैंड प्लान किसी एक द्वीप की खरीद भर का मामला नहीं है। यह उस नई वैश्विक व्यवस्था को गढ़ने की कोशिश है, जिसमें नाटो की एकता, अंतरराष्ट्रीय कानून और वैश्विक व्यापार की स्थिरता दांव पर लगी हुई है। भारत के लिए यह दौर सतर्कता, दूरदर्शिता और स्मार्ट डिप्लोमेसी की मांग करता है। 2026 में दुनिया एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है, जहां लिया गया एक फैसला पूरी वैश्विक राजनीति की दिशा बदल सकता है। यदि भारत इस परिवर्तन को समझदारी से संभालता है, तो वह न केवल चुनौतियों से उबर पाएगा, बल्कि एक सशक्त वैश्विक शक्ति के रूप में और मजबूती से उभरेगा।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

# नर्मदा जयंती पर आटे के 20 हजार दीपक तैयार 80 वर्षीय लक्ष्मीबाई 10 साल से बना रहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●नावडाटौड़ी में नर्मदा जयंती और महाशिवरात्रि के लिए आटे के 20 हजार से अधिक दीपक तैयार किए जा रहे हैं। 80 वर्षीय लक्ष्मीबाई पिछले 10 साल से यह अभियान चला रही हैं, जिसका उद्देश्य नर्मदा नदी को प्रदूषण से बचाना और जलीय जीवों को आहार उपलब्ध कराना है। लक्ष्मीबाई बताती हैं कि उन्हें 10 साल पहले नर्मदा परिक्रमा के दौरान दीपक बनाने की प्रेरणा मिली थी। उन्होंने संतों की प्रेरणा से मां नर्मदा की शुद्धता का संकल्प लिया है और इसे अपनी सेवा मानकर कर रही हैं। इस बार ये 20 हजार से अधिक दीपक शालीवाहन आश्रम के माध्यम से प्रज्ज्वलित कर नर्मदा में प्रवाहित किए जाएंगे। यह पहल नदी प्रदूषण को रोकने के साथ-साथ जलीय जीवों के लिए भोजन भी प्रदान करेगी। क्षेत्र में लक्ष्मीबाई के इस कार्य की सराहना की जा रही है। कसरावद नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नर्मदा भक्त राजेंद्रसिंह यादव ने उनके प्रयास को प्रेरक बताया। गांव पटेल करणसिंह ने उन्हें साड़ी और नारियल भेंट कर सम्मानित किया, जबकि शिक्षिका सुनीता वर्मा ने इसे धर्म और पर्यावरण की सेवा में एक प्रेरक कार्य बताया। स्विट्जरलैंड और फ्रांस के पर्यटकों ने भी आटे के दीपक बनते हुए देखे। उन्होंने इन दीयों के धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व को जाना और इस परंपरा की सराहना करते हुए तस्वीरें और वीडियो भी बनाए।



# शाहपुरा माल पंचायत का जीआरएस सस्पेंड जल संचयन के कामों में करप्शन का मामला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● जल संचयन, जन भागीदारी अभियान के तहत हुए कार्यों में भ्रष्टाचार करने वाले एक ग्राम रोजगार सहायक पर गाज गिरी है। दैनिक भास्कर डिजिटल की खबर का हवाला देते हुए सीईओ जिला पंचायत ने रोजगार सहायक (जीआरएस) को सस्पेंड कर दिया है। वहीं पंचायत सचिव को निलंबन का नोटिस जारी किया है। फिलहाल, इंजीनियर के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। जबकि उसके खिलाफ रिश्वत लेकर फर्जी कामों का मूल्यांकन किए जाने के आरोप हैं। मामला हरसूद जनपद की ग्राम पंचायत शाहपुरा माल का है। 27 दिसंबर 2025 को दैनिक भास्कर डिजिटल पर प्रकाशित खबर के बाद भोपाल से आए राज्य स्तरीय दल ने शाहपुरा माल में जल संचयन से जुड़े कामों को देखा था। इस दौरान यहां गंभीर अनियमितताएं सामने आई थी। खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज जैसे कार्य अधूरे पाए गए। वहीं एक काम के फोटो दिखाकर 50 काम बता दिए और राशि निकाल ली गई। इस मामले में सीईओ जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने रोजगार सहायक कृपाराम कलमे को सस्पेंड किया है। निलंबन आदेश में बताया गया कि सहायक यंत्री जनपद पंचायत हरसूद ने जांच प्रतिवेदन सौंपा है। इस अनुसार ग्राम पंचायत शाहपुरा माल में किए गए कार्यों का भौतिक निरीक्षण, सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासन के निर्देशानुसार डगवेल रिचार्ज का साईज 3 बाय 3 बाय 3 मीटर तथा पाइप का साइज 200 एमएम के उपयोग करने के निर्माण निर्देश दिए गए थे उक्त निर्माण कार्यों में फिल्टर मीडिया तीन स्तर से होता है लेकिन मात्र बोल्डर का उपयोग किया गया जो कि तकनीकी मापदंड अनुसार नहीं किया गया। जबकि कार्यालयीन समीक्षा बैठकों, क्लस्टर बैठकों, फोन पर चर्चा, मौका निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य के संबंध में तकनीकी जानकारी से अवगत करा दिया गया था। इसके बावजूद रोजगार सहायक कृपाराम कलमे ने मनमाने तरीके से निर्माण कार्य कराए। जो नियम विरूद्ध होकर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की निरंतर अवहेलना है।

# नवग्रह मेले में रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाए झूले, बिजली सप्लाई शुरू



**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● नवग्रह मेले में शनिवार को 315 केवी दो ट्रांसफार्मर लगने के बाद शनिवार शाम से झूले रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाने लगे। बिजली कंपनी की टीम ने शनिवार सुबह 10.30 बजे मेला मैदान पर ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू किया, जो दोपहर 3 बजे तक चला। इसके बाद बिजली कंपनी अधिकारियों ने कनेक्शन की कार्रवाई पूरी की।

कनेक्शन की कार्रवाई के बाद मेले में झूला व्यापारियों को कनेक्शन दिए गए। इससे मेले में लगे झूले जगमगाने लगे। रविवार को कुछ झूले शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि मेले का 25 दिसंबर को भूमिपूजन किया गया था। जनप्रतिनिधियों व नपा अफसरों ने शीघ्र मेला शुरू कराने का दावा किया था। 22 दिन में बिजली-पानी की व्यवस्था नहीं होने से दुकानें व झूले लेकर पहुंचे व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही आर्थिक नुकसान भी हो रहा था।

# तापमान में लगातार बढ़ोतरी: मावठे के आसार नहीं, दिन का पारा 30 डिग्री तक पहुंचा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● मकर संक्रांति के बाद मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों में ठंड में कमी आई है, जिससे लोगों को राहत मिली है। रविवार सुबह हल्के बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, इस दौरान मावठे (शीतकालीन वर्षा) के कोई आसार नहीं हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि देश के उत्तरी हिस्सों से आने वाली हवाओं की गति कम होने और नमी घटने के कारण यह स्थिति बनी है। आगामी दो-तीन दिनों में मौसम साफ होने की संभावना है। पिछले तीन दिनों से दिन और रात के तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 9-10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले एक-दो दिनों में रात का तापमान दो डिग्री तक बढ़ सकता है, लेकिन बादल छंटते ही तापमान में गिरावट आ सकती है। फिलहाल बारिश की कोई स्थिति नहीं है। कृषि विभाग के सहायक संचालक प्रकाश ठाकुर ने बताया कि रबी की फसलों, विशेषकर गेहूं और चने में फूल निकल आए हैं। बेहतर उत्पादन के लिए अभी भी ठंड का होना आवश्यक है। बादल छंटने के बाद ठंड बढ़ने की उम्मीद है, जो फसलों के लिए फायदेमंद होगी।

# नौ साल की बेटी के पिता को इतना पीटा कि खून की उल्टियां हुई; दो लोगों पर एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● एक 9 साल की बेटी का रिश्ता तय किए जाने के लिए उसके पिता पर दबाव डालने का मामला सामने आया हैं। रिश्ते की बात से मुकरने पर लड़के के पिता और परिजनों ने बालिका के पिता से मारपीट कर दी। उसे इतना पीटा कि तीन बार खून की उल्टियां हुई, हालत बिगड़ी तो देर रात परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। पीड़ित सुबह अस्पताल से भागकर थाने गया और शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने दो लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली हैं। घटना थाना पिपलोद क्षेत्र के ग्राम भीलखेड़ी सराय गांव की हैं। यहां नाबालिग बच्ची की जबरन शादी का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। शादी से इनकार करने पर दूसरे पक्ष ने बालिका के पिता को बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पीड़ित बबलू अपने बेटे के साथ गांव में सामान पहुंचाने गया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसकी 9 साल की बेटी 'लाडली लक्ष्मी' की शादी को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया। जब परिवार ने साफ कहा कि लड़की नाबालिग है और 18 साल की उम्र के बाद ही शादी करेंगे, तो सामने वाला पक्ष आगबबूला हो गया।

# विधायक चिटनिस के बयान पर पूर्व विधायक का शायराना पलटवार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● शनवारा से लालबाग तक 16.82 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का हाल ही में अनौपचारिक भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस द्वारा दिया गया एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस बयान पर पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया ने शायराना अंदाज में पलटवार किया है। विधायक अर्चना चिटनिस ने किसी का नाम लिए बिना कहा था कि 'सात साल का इंतजार किया है। अब जनप्रतिनिधि गैर जवाबदार चुने जाएंगे तो उसको तो जनता भी भोगती है, जनप्रतिनिधि भी भोगते हैं। शहर सारा भोगता है।' उन्होंने आगे कहा कि पिछले सात साल में बुरहानपुर में न तो किसी काम की पूछताछ हुई, न मॉनिटरिंग और न ही उन्हें पूर्णता तक पहुंचाया गया। इससे वह, सांसद और महापौर भी जूझ रहे हैं। चिटनिस ने यह भी बताया कि यह सड़क फोरलेन नहीं थी और पिछले सात साल में जिन्हें इसका रखरखाव करना था, उन्होंने नहीं किया। विधायक के इस बयान पर पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने कहा, 'मैं खुश हूं कि वह मेरी बात तो करते हैं। बुराई करते हैं, यकीनन दिल से याद तो करते हैं।' यह बयान सोशल मीडिया पर खासा वायरल हुआ। विधायक अर्चना चिटनिस का मानना है कि उनके कार्यकाल में बुरहानपुर विधानसभा विकास के मामले में पिछड़ गई थी। हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान का इशारा पूर्व विधायक के कार्यकाल की ओर था, जिसमें उन्होंने 'गैर जवाबदार जनप्रतिनिधि' चुने जाने के परिणामों पर जोर दिया।



# सबालेंका ने पास किया पहले राउंड का टेस्ट



**मेलबोर्न (एजेंसी)** • आर्यना सबालेंका का लगातार चौथा ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में पहुंचने का सफर रविवार को शानदार तरीके से शुरू हुआ, उन्होंने टियांत्सोआ राकोटोंमांगा राजाओनाह को हराया, जिन्होंने पहले सेट में सबालेंका को कड़ी टक्कर दी। वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी ने निश्चित रूप से अपने करियर के सबसे ऊंचे रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सब कुछ लगा दिया, लेकिन दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन का अनुभव रॉड लेवर एरिना में 6-4, 6-1 की जीत में काम आया। सबालेंका ने पहले सेट जीतने के मोमेंटम और आत्मविश्वास का पूरा फायदा उठाया। पहले सेट के आखिर में राकोटोंमांगा राजाओनाह की सर्विस तोड़कर सबालेंका ने 1-0 की बढ़त बना ली। जल्दी ही, दूसरे सेट में यह बढ़त 3-0 हो गई। दूसरे सेट में, सबालेंका की कोर्ट पर राकोटोंमांगा राजाओनाह की मूवमेंट को कंट्रोल करने की क्षमता ने कुछ आसान विनर्स बनाए। इसके बाद सबालेंका ने आखिरी चार गेम में से तीन जीतकर एक घंटे और 16 मिनट का मैच खत्म किया।

## बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला क्रिकेट टीम घोषित की

**मुंबई (एजेंसी)** • भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 फरवरी से होने वाले इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलेगी। इसके अलावा दौनो ही टीमें एक टेस्ट भी खेलेंगी। टेस्ट टीम की घोषणा अभी नहीं हुई है। इस दौरे से दोनो ही टीमों के टी20 विश्वकप की तैयारी का भी अच्छा अनुभव मिलेगा। इस दौरे में नये खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। टी20 टीम में भर्ती फुलमाली की वापसी है हुई है। फुलमाली को साल 2019 के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किय गयाहै। इसके अलावा युवा ऑफ-स्पिनर श्रेयांका पाटिल को भी टीम में जगह मिली है। वहीं एकदिवसीय दल में भी युवाओं को अवसर मिले है। 17 साल की विकेटकीपर जी कमलिनी और स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार टीम में जगह मिली है। इसके अलावा काशवी गौतम को भी शामिल किया गया है पर अरुंधति रेड्डी को एकदिवसीय व रधा यादव को एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप में भी शामिल नहीं किया गया है। हरलीन देओल को एकदिवसीय टीम में बनाये रखा गया है पर उन्हें टी20 से बाहर कर दिया गया है।

## टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत रहेगा मजबूत दावेदार : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि डिफेंडिंग चैंपियन भारत आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगा। टीम की गहराई, आक्रामक खेलने की शैली और घरेलू परिस्थितियों में शानदार रिकॉर्ड को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्तिक ने कहा कि भारत को अपने घर में हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। टूर्नामेंट शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेली जाएगी। दिनेश कार्तिक ने कहा कि भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी विशेषता उसकी बेंच स्ट्रेंथ है। उनके मुताबिक भारत ऐसी स्थिति में है कि वह लगभग दो मजबूत टीमें उतार सकता है। कार्तिक ने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय टीम काफी हद तक नई है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में युवा टीम ने बेहद आक्रामक और प्रभावशाली क्रिकेट खेला है। वहीं पूर्व वेस्टइंडीज क्रिकेटर इयान बिशप ने भी भारत की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि डिफेंडिंग चैंपियन होना अपने आप में दबाव जरूर लाता है, लेकिन अगर तैयारी सही हो तो यह एक बड़ा फायदा बन सकता है। बिशप के अनुसार, इतिहास हमेशा निर्णायक नहीं होता, लेकिन भारत ने पिछले वर्ल्ड कप के बाद जिस तरह की तैयारी की है, उससे उसे बढ़त जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी चेताया कि फरवरी-मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में ओस एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती है, जो मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाती है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता पर बात करते हुए कहा कि यह फॉर्मेट दुनिया भर में तेजी से पसंद किया जा रहा है। उनके अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एक बड़ा मंच है, जहां दबाव में प्रदर्शन करके खिलाड़ी खुद को वैश्विक स्तर पर साबित करते हैं। ग्रुप ए में भारत को पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है।



# गोलू गुप्ता ने मुझे ताकत और नई पहचान दी: श्वेता त्रिपाठी

**मुंबई (एजेंसी)** • 'मिर्जापुर: द मूवी' के मुंबई शेड्यूल की शूटिंग अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने पूरी कर ली है। अभिनेत्री श्वेता के मुताबिक, गोलू गुप्ता का किरदार सिर्फ उनकी पहचान नहीं बना, बल्कि इस किरदार ने उन्हें अंदरूनी ताकत, आत्मविश्वास और साहस भी दिया है यह रोल उनके करियर का एक अहम मोड़ साबित हुआ, जिसने दर्शकों की सोच और उनके लिए आने वाली कहानियों की दिशा बदल दी। श्वेता त्रिपाठी ने कहा कि फिल्म की शूटिंग पूरी करना उनके लिए बेहद भावुक अनुभव रहा। गोलू गुप्ता का किरदार हमेशा उनके दिल के बेहद करीब रहेगा और इसके लिए वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं। उनके अनुसार, इस किरदार ने न सिर्फ उन्हें एक अभिनेत्री के तौर पर नई चुनौतियां दीं, बल्कि यह भी सिखाया कि किसी महिला किरदार को पूरी गंभीरता, मजबूती और गहराई के साथ पर्दे पर कैसे पेश किया जा सकता है। गोलू के रूप में उन्होंने एक ऐसी महिला को जिया, जो परिस्थितियों से लड़ती है और अपनी शर्तों पर आगे बढ़ती है।





# फैशन सर्कल्स में हलचल मचा दी संदीपा धर ने

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री संदीपा धर ने कई बार साबित कर दिया कि वह फैशन को सिर्फ पहनती नहीं, बल्कि उसे आत्मविश्वास के साथ जीती हैं। हाल ही में उनकी रेड ड्रेस में सामने आई तस्वीरों ने सोशल मीडिया और फैशन सर्कल्स में हलचल मचा दी है। संदीपा की रेड ड्रेस का सिलुएट बेहद डेरिंग और एलिगेंट है। रणनीतिक कट-आउट्स और फिगर-हगिंग फिट उनकी टोंड फिगर को खूबसूरती से उभारते हैं। ड्रेस की हाल्टर नेकलाइन उनके शोल्डर्स और कॉलरबोन्स को हाइलाइट करती है, जबकि थाई-हाई स्लिट पूरे लुक में ड्रामैटिक टच जोड़ता है। यह आउटफिट एक साथ ग्लैमरस, सेंसुअस और रिफाइंड नजर आता है। इस लुक को खास बनाती है संदीपा का इसे कैरी करने का अंदाज़। उनका कॉन्फिडेंट पॉश्चर, सहज मुस्कान और फ्लुइड पोज़ इस ड्रेस को सिर्फ एक फैशन चॉइस नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टाइल स्टेटमेंट बना देते हैं। उन्होंने अपने मेकअप को मिनिमल रखा है, जिससे ड्रेस का रंग और डिज़ाइन पूरी तरह उभरकर सामने आता है। सॉफ्ट वेव्स में खुले बाल और नैचुरल ग्लोइंग स्किन उनके लुक को और निखार देती है।

## उज्जैन संभाग

# हजारों श्रद्धालुओं ने शिप्रा नदी में किया पुण्यस्नान, मौनी अमावस्या पर उमड़ी भीड़



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • माघ मास के कृष्ण पक्ष की मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर शिप्रा नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रामघाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर सुबह से ही आस्थावान भक्त पुण्यस्नान कर मोक्ष की कामना करते नजर आए। इस विशेष पर्व पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग अपने परिवारों के साथ घाटों पर स्नान करते दिखाई दिए। अनुमान है कि सुबह से दोपहर तक हजारों श्रद्धालुओं ने शिप्रा में आस्था की डुबकी लगाई।

### मौनी अमावस्या का दिन पितरों से जुड़ा

पुजारी राकेश जोशी ने बताया कि इस वर्ष मौनी अमावस्या रविवार के दिन पड़ने से इसका विशेष महत्व है, क्योंकि रविवार सूर्य का दिन माना जाता है। जो श्रद्धालु मकर संक्रांति पर दान नहीं कर पाए, वे इस दिन दान-पुण्य करते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि मौनी अमावस्या का दिन पितरों से जुड़ा हुआ माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और पितरों की पूजा का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु मौन रहकर तप करते हैं, दान करते हैं और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। अमावस्या तिथि के प्रमुख देवता पितृदेव यानी पूर्वज माने जाते हैं।

पुजारी जोशी के अनुसार, इस दिन विशेष रूप से भगवान शिव, माता पार्वती एवं मां काली की पूजा की जाती है। यह तिथि सूर्य और चंद्रमा के मिलन का समय होती है, ऐसे में कई नकारात्मक शक्तियां भी सक्रिय मानी जाती हैं, इसलिए श्रद्धालु पूजा-पाठ और संयम का पालन करते हैं।

# बसंत पंचमी पर विवाह मुहूर्त नहीं, परंपरा में बदलाव, शुक्र का तारा अस्त होने से इस साल बसंत पंचमी पर कोई शुभ कार्य नहीं होंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर देशभर में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन जैसे मांगलिक कार्य किए जाते रहे हैं, लेकिन इस वर्ष बसंत पंचमी पर विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है। 23 जनवरी, शुक्रवार को आने वाली बसंत पंचमी पूर्व भाद्रपद नक्षत्र, परिघ योग तथा कुंभ के उपरांत मीन राशि में चंद्रमा की साक्षी में रहेगी। धर्मशास्त्र के अनुसार, शुक्र या गुरु का तारा अस्त होने पर विवाह जैसे संस्कार वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण इस बार बसंत पंचमी पर विवाह का मुहूर्त नहीं बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी कहा जाता है। इसी दिन खटवांग जयंती और तक्षक पंचमी का भी संयोग रहता है। सामान्यत: इस तिथि को विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य शुभ माने जाते हैं, किंतु शुक्र तारा अस्त होने से इस बार ये उपक्रम संभव नहीं होंगे।

आमतौर पर मालवा-निमाड़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में बसंत पंचमी को अबूझ मुहूर्त मानकर मांगलिक कार्यों की परंपरा रही है, लेकिन इस बार परिस्थितियां भिन्न हैं। बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इस दिन ज्ञान, संगीत और कला की साधना के लिए विशेष पूजा की जाती है। पीले वस्त्र, पीले फूल, बूंदी के लड्डू, मालपुआ, खीर और पीले चावल अर्पित किए जाते हैं। बसंत ऋतु के आगमन के प्रतीक इस पर्व पर वैष्णव मंदिरों में फाग महोत्सव की शुरुआत भी होती है, जहां भगवान को गुलाल अर्पित किया जाता है।

### इस बार अधिक मास ज्येष्ठ माह में रहेगा

इस बार अधिक मास ज्येष्ठ माह में आने वाला है जो 17 मई से 15 जून तक रहेगा। इस दौरान विवाह आदि कार्य नहीं किए जा सकेंगे। साथ ही शुद्ध ज्येष्ठ मास का जब आरंभ होगा तो विवाह के योग पुन: बनेंगे, किंतु जो घर का बड़ा बेटा या बड़ी बेटी हो तो बड़े बच्चों का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए। बसंत पंचमी पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का विशेष श्रृंगार किया जाता है। प्रात: होने वाली भस्म आरती में बाबा को पीले और बसंती पुष्प अर्पित किए जाते हैं। संध्या आरती के दौरान भगवान को गुलाल समर्पित किया जाएगा। बाबा महाकाल का माता सरस्वती स्वरूप में श्रृंगार किया जाता है। इस दौरान भगवान महाकाल के भोग में पीले पकवान विशेष रूप से शामिल किए जाते हैं। सांदीपनि आश्रम में विशेष आयोजन होता है। भगवान श्री कृष्ण और बलराम को पीले वस्त्र धारण कराए जाते हैं। सरसों के पीले फूलों से श्रृंगार किया जाता है। भोग में मीठे पीले चावल अर्पित कर पहली बार विद्यालय जाने वाले बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न होता है।

## स्लीपर की बसों के खिलाफ कार्रवाई , 17 के फिटनेस निरस्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • परिवहन विभाग ने पहली बार यात्री स्लीपर की बसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। यह कि जिले में सभी पंजीकृत करीब 838 बसों के संचालकों को नोटिस जारी कर इन्हें कम्प्यूटर में लॉक कर दिया है। इन पर ये कार्रवाई इसलिए की है, ताकि ये बस बॉडी कोड कंडक्ट के प्रावधानों के अनुरूप संचालित हो।

दरअसल यात्रियों की सुविधा व सुरक्षित सफर की दृष्टि से वर्ष 2019 में बस बॉडी कोड कंडक्ट लागू हुआ। इसके तहत बसों के निर्माण व संचालन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदू अनिवार्य किए थे। इसकी मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी परिवहन विभाग की है। वर्ष 2023 के बाद स्लीपर यात्री बसें रजिस्टर होना बंद हो गई, लेकिन देखने में यह भी आया कि इस अवधि से पहले की जो बसें रजिस्टर हुई हैं, उनमें से भी कुछ में मापदंडों की कमी है। लिहाजा इनकी पूर्ति करवाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने इन्हें कम्प्यूटर में लॉक किया है। आरटीओ संतोष मालवीय बस की चैकिंग करते हुए। लॉक से बस संचालन में दिक्कत आएगी कम्प्यूटर में लॉक के बाद यात्री स्लीपर बस के पहिए स्वत: थम जाएंगे। बस किसी भी टोल नाके से गुजरेगी तो उसका परिवहन स्टेटस लॉक प्रदर्शित होगा। उसका फिटनेस, परमिट, बीमा कहीं भी नहीं बन पाएगा। यानी बस वैधानिक रूप से आगे चलने योग्य नहीं रहेगी। ऐसे में संचालक को बस को चैकिंग के लिए परिवहन कार्यालय लाना पड़ेगा। यदि बस उज्जैन में पंजीकृत हैं और दूसरे जिले में कहीं चैकिंग करवा रही है तो वहां के परिवहन विभाग से इस संबंध में उज्जैन सूचना पहुंचेगी। चैकिंग में बस बॉडी कोड कंडक्ट के बिंदुओं से जुड़ी कमी पाई जाने पर उसे दूर करवाए जाने के बाद ही कम्प्यूटर में लॉक खोला जा सकेगा।

## विद्यालयों में खेल-खेल में स्वच्छता सीख रहे बच्चे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • वार्ड 3 के शासकीय प्राथमिक विद्यालय खिलचीपुर और वार्ड 18 स्थित गांधी पब्लिक स्कूल में नगर निगम ने आनंद उत्सव के तहत बच्चों के लिए परंपरागत खेलों का आयोजन किया। विद्यार्थियों को खेल-खेल में स्वच्छता और कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने डस्टबीन पहचानों खेल में भाग लिया। खेल के माध्यम से विद्यार्थियों ने रंग के अनुसार बाल को सही डस्टबीन में डालकर कचरे के प्रकार के बारे में जानकारी प्राप्त की। हरे बिन में गीले कचरे और अन्य बिन में सूखे कचरे को डालकर बच्चों को अलग-अलग कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में स्कूल के सभी स्टाफ और आईईसी टीम भी मौजूद रहीं। बच्चों ने उत्साह के साथ खेल में भाग लेकर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा।

## अश्लील वीडियो बनाने वाले आरोपी को सजा, कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • करीब ढाई साल पहले मां-बेटी को ब्लैकमेल कर बलात्कार करने वाले आरोपी को उज्जैन कोर्ट ने जीवनकाल (मृत्यु तक) आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 7 सितंबर 2023 को फरियादी महिला ने महिला थाना में गलत काम करने, डराने धमकाने व फोटो वायरल करने की धमकी देकर बलात्कार करने वाले आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि घर पर काम करने वाले आरोपी का आना जाना लगा रहता था। उसे तीन वर्ष पहले से पहचानती हूं उसके घर पर ही बातचीत हुई थी। लगभग ढाई वर्ष पहले घर पर आया, उस समय घर पर कोई नहीं था, दरवाजा लगाकर मेरे साथ मेरी इच्छा के विरूद्ध बलात्कार किया और फिर चला गया। डर की वजह से घटनाक्रम को मेरे पति व परिजनों को नही बता पाई, इसके दो दिन के बाद फिर आया और बोला कि आपके साथ जो मैने किया है उसकी पूरी वीडियो रिकार्डिंग मैंने उस दिन मेरे मोबाइल में कर ली थी, अब जब भी तुमको बोलूं तो अपनी मर्जी से मेरे पास आना, नहीं तो मैं वीडियो सबको दिखा दूंगा, वीडियो को देखने के बाद वायरल होने के डर से उसके द्वारा जैसा कहां गया वैसा करती रही । इस प्रकार से मेरे साथ मेरी इच्छा के विरूद्ध रेप किया। जो वीडियो की रिकार्डिंग की कॉपी कराकर मेरे पति को भी दे दी, उक्त पेन ड्राइव को जब मेरे घर वालों और मैने देखा तो उसमें मेरी बेटी का भी वीडियो था, तब मेरी बेटी से पूछा तो उसने बताया कि आपका वीडियो दिखाकर, मुझे डरा धमकाकर मेरे साथ भी वही गलत काम किया।

**न्यूज ब्रीफ**

## 31 मार्च तक वाहन कर बकाया पर 90 प्रतिशत छूट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को बड़ी राहत देते हुए मोटरयान कर एवं पेनाल्टी के बकाया भुगतान पर 90 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की है। यह छूट मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग, की अधिसूचना दिनांक 12 अगस्त 2025 के तहत दी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मोटरयान कर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। विभाग ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त जमा योजना का लाभ उठाकर बकायादारों की सूची से नाम हटवाएं और स्क्रैपिंग के बाद नया वाहन खरीदने पर दोहरा लाभ प्राप्त करें। एआरटीओ सुश्री अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन वाहन स्वामियों के लिए फायदेमंद है, जिन पर लंबे समय से मोटरयान कर बकाया चला आ रहा है।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में आज डायरिया के दो मरीज मिले

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य होती जा रही है। आज ओपीडी के 40 मरीजों में से मात्र 02 मरीज डायरिया के आए है, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। अस्पतालों में अब तक कुल 447 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं जिसमें से 432 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। 09 अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 06 आईसीयू में उपचारत है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में दो एम्बुलेंस लगायी गयी हैं। 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी नि:शुल्क उपचार, जॉच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है।

# भागीरथपुरा पीड़ितों से अस्पताल में मिलकर केवल 15 मिनट में क्यों लौटे राहुल गांधी, परिजनों ने की मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सरकार की तारीफ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा पीड़ितों से मिलने के लिए लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आए। उनका बॉम्बे अस्पताल में मरीज व उनके परिजनों से मुलाकात का समय आधे घंटे का था, लेकिन वह मुश्किल से 15 मिनट ही रूके। इसकी वजह है कि परिजनों ने उनसे मुलाकात के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिल रही मदद, शासन, प्रशासन की तारीफ कर दी।

**एयरपोर्ट से सीधे पहुंचे थे अस्पताल** - राहुल गांधी का कार्यक्रम 11.45 से 12.15 बजे तक (30 मिनट का) बॉम्बे अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों से मिलने का था। लेकिन वह 15 मिनट मे ही लौट गए थे। वह अस्पताल के पांचवे फ्लोर पर गए। दूसरे फ्लोर पर आईसीयू में



कुछ मरीज थे, उनके परिजनों को भी मुलाकात के लिए वहीं बुला लिया गया। यहां उन्होंने मरीज हीरालाल (76 साल) और सुनीता (65 साल) से मुलाकात की। मरीजों ने बताया कि पहले स्वस्थ थे लेकिन 15 दिनों से भर्ती है। हम केवल शुद्ध पेयजल चाहते हैं। अस्पताल में राहुल गांधी ने कुल दो मरीज और पांच परिजनों से मुलाकात की।

**परिजन राहुल गांधी से यह बोले**-वेंटीलेटर पर भर्ती मरीज सूर्यवंशी के बेटे नीलेश से राहुल गांधी ने एक-डेढ़ मिनट बात की। उन्होंने पूछा कि पिता क्यों भर्ती है, तो नीलेश ने बताया कि उल्टी-दस्त की शिकायत के कारण, इसका असर किडनी, लिवर और दिमाग तक हुआ। उन्होंने मदद का कोई अश्वासन नहीं दिया, ऐसा भी नहीं कहा कि कोई मदद चाहिए तो हमसे संपर्क करें।

आईसीयू में भर्ती मरीज पार्वती के पुत्र प्रदीप कोंडला ने कहा कि राहुल गांधी ने बात की और पूछा कि घटना कैसे हुई और मदद मिल रही या नहीं। हमने बताया कि अच्छा उपचार मिल रहा है, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लगातार आते हैं और मदद कर रहे हैं। शासन, प्रशासन द्वारा पूरी मदद की जा रही है। आप कुछ मदद कर सकते हो तो बताईए। इस पर वह कुछ नहीं बोले और चले गए।

**कांग्रेस से उमंग, सज्जन का जवाब**- उधर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने कहा है कि, बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व से किसी ने भागीरथपुरा में आकर झांका है क्या। यह राहुल गांधी की संवेदनशीलता है, वह सही मायनों में जननायक है, इसलिए वह यहां आए। बिना कोई राजनीतिक बात किए पीड़ितों से मुलाकात की और डेढ़-डेढ़ लाख राशि की सहायता राशि दी। कांग्रेस प्रवक्ता केके मिश्रा ने भी राहुल गांधी को पर्यटक बनाने के बयान पर बीजेपी नेताओं पर हमला किया। कहा कि उनके कौन से नेता भागीरथपुरा में झांकने चले गए।

### राहुल गांधी यह बोले थे

राहुल गांधी ने दौरे के दौरान मीडिया से चर्चा में कहा था कि- कहा जाता था देश को स्मार्ट सिटी दिए जाएं। इसमें पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है, लोगों को डराया जा रहा है। पानी पीकर लोग मर रहे हैं। यह है अरबन मॉडल। सरकारी की जिम्मेदारी है कि वह साफ पानी दें। कोई तो जिम्मेदार होगा सरकार में। सभी को मुआवजा मिलना चाहिए, क्योंकि हुआ तो सरकार की लापरवाही से है। राहुल गांधी ने राजनीति करने के सवाल पर कहा कि आप जो चाहें कहें मुझे फर्क नहीं पड़ता। लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है। मैं विपक्ष का नेता हूं, मुद्दा उठाने आया हूं। आप इसे जो भी कहना चाहें कहें, राजनीति कहना चाहें, कहें मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं इनकी मदद के लिए आया हूं।

### कैलाश विजयवर्गीय यह बोले

उधर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस दौरे को लेकर यही कहा कि- हमारे शहर में कोई भी आए हम उसका स्वागत करते हैं, चाहे वह पर्यटक के रूप में आए। स्थिति सारी नियंत्रण में है। फिर भी राहुल गांधी आए हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं। वह हमेशा पर्यटक बनकर आते हैं। अभी आपदा पर्यटक बनकर आए हैं। फोटो खिचाएंगे और चले जाएंगे। बाकी विकास तो इंदौर का हमें ही करना है। हम सभी इस घटना से दुखी है।

# दिग्विजय को देख मुस्कराए राहुल, पटवारी की शिकायत उमंग का दाव, बरैया का दाग, बीजेपी का विरोध

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● राहुल गांधी के इंदौर के तीन घंटे के दौरे में एक साथ कई राजनीतिक घटनाक्रम हुए। भागीरथपुरा पानी के कांड को लेकर वह इंदौर आए थे। लेकिन फूल सिंह बरैया की उनके साथ फोटो ने बवाल मचा दिया। उधर पटवारी की शिकायत हो गई, तो उमंग ने अलग दाव धर दिया। दिग्विजय को देख राहुल गांधी मुस्करा दिए। कांग्रेसियों ने सेल्फी के लिए यह की जुगत लगाई।

राहुल गांधी तय शेड्यूल के तहत इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। स्वागत के लिए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मौजूद थे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया और अन्य नेता भी मौजूद थे। राहुल जब पटवारी से हाथ मिला रहे थे, तब उमंग सिंघार भी उनकी ओर हाथ बढ़ा रहे थे। इस दौरान दिग्विजय हाथ जोड़कर मुस्करा रहे थे। राहुल गांधी ने दिग्विजय सिंह को देखकर मुस्कराया।

उमंग सिंघार के हाथ बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया। इस मुस्कराहट के अब अलग मायने निकाले जा रहे हैं। बीच में आरएसएस,बीजेपी संगठन की



तारीफ कर दिग्गी पार्टी के अंदर ही विवादों में आ गए थे। हाल ही में उन्होंने राज्यसभा के अगले टर्म की दावेदारी से खुद को अलग कर लिया है। राहुल गांधी का एयरपोर्ट पर नेताओं के साथ फोटो वायरल हुआ। इस फोटो में दतिया के भांडेर से विधायक फूलसिंह बरैया ने बवाल खड़ा कर दिया। इसे बीजेपी ने भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भोपाल से लेकर इंदौर तक राहुल गांधी के दौरे का बरैया की ओर मोड़ दिया गया।

बरैया एक दिन पहले ही अपने रेप थ्योरी वाले बिगड़े बोल के चलते विवादित हुए हैं। बीजेपी के नेता भी कालानी नगर एयरपोर्ट के रास्ते में आने वाले चौराहे पर जमा हो गए। यहां पर राहुल गांधी के साथ ही बरैया का पुतला फूंका गया। इस प्रदर्शन में बीजेपी के बड़े नेता सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा, विधायक गोलू शुक्ला, रमेश मेंदोला व अन्य नेता मौजूद थे।

मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी जी आए थे। उन्हें कहने आए थे कि माफी मांगे और बरैया को पार्टी से बाह करें। उन्हें हम काले झंडे दिखा रहे थे। लेकिन उन्होंने अपना मार्ग बदल लिया और दूसरे रास्ते से चले गए। यह आयोजन बीजेपी महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने यह किया था। उधर कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को चिंता में डाल दिया। जैसे ही राहुल गांधी एयरपोर्ट से निकले उनके पीछे वर्मा व अन्य कार्यकर्ता दौड़ पड़े। कार की खिड़की से हाथ डालकर हाथ मिलाया।

# भागीरथपुरा कांड की जांच के लिए एसीएस जीएडी की अध्यक्षता में हाईलेवल कमेटी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में गंदे पानी से अभी तक 23 मौतें हो चुकी है। इस मामले में हाईकोर्ट इंदौर द्वारा कई डायरेक्शन जारी किए गए। उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठन की भी बात हुई। अब शासन ने इसमें एससीएस सामान्य प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में हाईलेवल कमेटी गठन का फैसला लिया है। इस कमेटी की अध्यक्षता जहां एसीएस सामान्य प्रशासन करेंगे, वहीं पीएचई प्रमुख सचिव पी नरहरि भी सदस्य है। वहीं नगरीय प्रशासन संचालनालय आयुक्त IAS संकेत भोंडवे इसमें सदस्य सचिव होंगे। महाधिवक्ता से विधिक सलाह के बाद यह कमेटी का गठन किया गया है।

**इसके पहले एसीएस की जांच, आईएस की कमेटी बनी थी**-इसके पहले सीएम मोहन यादव ने इस



मामले को गंभीरता से लेते हुए इंदौर में समीक्षा की थी। साथ ही एसीएस नगरीय प्रशासन संजय दुबे से एक तात्कालिक जांच कराई और रिपोर्ट ली थी। इसके आधार पर अपर आयुक्त आईएएस रोहित सिसोनिया और फिर निगमायुक्त दिलीप यादव को हटा दिया गया था।

साथ ही सीएम ने प्रारंभिक तौर पर इसमें अपर कलेक्टर आईएएस पवार नवजीवन विजय से भी जांच कराने का ट्वीट किया था। लेकिन इसके बाद जब मामला सीनियर आईएएस तक पहुंच गया। इस कमेटी का कोई मतलब नहीं रहा और अब नई हाईलेवल कमेटी का गठन हुआ है।

हाईकोर्ट में इस माामले में चार जनहित याचिकाएं लगी हुई है। इन सभी में हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में या फिर स्पेशल जांच कमेटी बनाने की मांग की जा रही है। साथ ही जिम्मेदारों पर आपराधिक केस की मांग हो रही है। सीएस अनुराग जैन से भी एक बार वीसी के जरिए जवाब मांगा गया है। फिर गंदे पानी की समस्या को लेकर उन्हें वीसी के जरिए बुलाया गया है।

# बीएड फोर्थ सेमेस्टर के नतीजों पर फिर उठे सवाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बीएड फोर्थ सेमेस्टर के नतीजों ने एक बार फिर डीएवीवी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। परिणामों से असंतुष्ट छात्र-छात्राएं लगातार विश्वविद्यालय पहुंचकर पुनर्मूल्यांकन की मांग कर रहे हैं। बड़ी संख्या में विद्यार्थी जनसुनवाई और परीक्षा विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक निराशा ही हाथ लगी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अब दोबारा मूल्यांकन नहीं कराया जाएगा। दरअसल, हाल ही में डीएवीवी ने बीएड फोर्थ सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया था। रिजल्ट आते ही विद्यार्थियों ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन पर सवाल खड़े कर दिए। छात्रों का आरोप है कि उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का सही तरीके से मूल्यांकन नहीं किया गया, जिससे अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें कम अंक मिले। शिकायतें बढ़ने पर विश्वविद्यालय ने छात्रों की मांग को देखते हुए तीन बार पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया कराई। हालांकि, तीन बार मूल्यांकन के बाद भी कई विद्यार्थियों के अंकों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे नाराज छात्र-छात्राएं एक बार फिर विश्वविद्यालय परिसर पहुंच रहे हैं। छात्रों का कहना है कि जब मेहनत के अनुसार अंक नहीं मिल रहे हैं, तो वे अपने भविष्य को लेकर कैसे संतुष्ट हों। कई विद्यार्थियों ने यह भी कहा कि बीएड जैसे प्रोफेशनल कोर्स में खराब परिणाम उनके कॅरियर पर सीधा असर डालते हैं। वहीं, डीएवीवी प्रशासन का कहना है कि बीएड फोर्थ सेमेस्टर के परिणाम को लेकर सभी प्रक्रियाएं नियमों के तहत पूरी की गई हैं।

**बंगाली से हाईकोर्ट तक मेट्रो की डीपीआर परिर्वतन करने की तैयारी**

# खजराना चौराहे से मेट्रो पिलर की हाईट होगी कम, बंगाली ब्रिज से पहले होगी अंडर ग्राउंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मेट्रो को खजराना चौराहा से आगे और बंगाली चौराहा ब्रिज से पहले अंडर ग्राउंड करने की तैयारी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा शुरू कर दी गई है। इसके लिए खजराना चौराहा से आगे की ओर बनने वाले पिलरों की ऊंचाई कम होती चली जाएगी, इसके लिए खुदाई का काम किया जा रहा है। वहीं बंगाली से हाई कोर्ट तक अंडर ग्राउंड मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए मेट्रो प्रोजेक्ट की डीपीआर में परिवर्तन किया जा रहा है। हालांकि यह पहले से ही स्पष्ट है कि अंडर ग्राउंड ट्रैक की बढ़ी हुई कास्ट लगभग 800 करोड़ रुपए राज्य शासन द्वारा वहन की जाएगी।

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सूत्रों के अनुसार खजराना से आगे मेट्रो ट्रैक के



अंडर ग्राउंड निर्माण हेतु प्रोजेक्ट डिजाइनिंग और सर्वे का काम शुरू कर दिया गया है, जिसको पूरा करने के लिए तीन से चार माह का समय लगेगा। बंगाली ब्रिज से पहले और हाई कोर्ट तक अंडर ग्राउंड एलाइनमेंट का 0 सर्वे भी किया जाएगा। इसके साथ ही खजराना चौराहे के पास ग्रीन बेल्ट में एलिवेट मेट्रो स्टेशन की प्लानिंग भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि खजराना फ्लाई ओवरब्रिज खत्म होते ही राइट साइड स्टेशन बनाया जा सकता है। साथ ही बंगाली ब्रिज के पहले मेट्रो पूरी तरह अंडर ग्राउंड हो जाएगी। पत्रकार कॉलोनी वाला मेट्रो स्टेशन नहीं बनाया जाएगा, लेकिन इसके आगे पलासिया मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा। मेट्रो प्रोजेक्ट में जो भी परिवर्तन किए जा रहे हैं, इसकी जानकारी केंद्र सरकार को राज्य सरकार को देनी होगी। इसके अलावा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा एलिवेटेड ट्रैक निर्माण के लिए टेंडर जारी किए जा चुके थे, जो रोबोट चौराहे से लेकर पलासिया चौराहे होते हाई कोर्ट तक के लिए थे, लेकिन कंपनी को अपना काम अब रोबोट चौराहे से खजराना चौराहा फ्लाई ओवरब्रिज के बाद समेटना होगा। इसके बाद अंडर ग्राउंड मेट्रो ट्रैक निर्माण के लिए नई एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा।

### अंडर ग्राउंड मेट्रो से भी डरे रहवासी

मेट्रो के अंडर ग्राउंड निर्माण का निर्णय होने के बाद बंगाली कनाड़िया, पलासिया, एमजी रोड में व्यापारी और रहवासी खुश है। लोगों का कहना है कि किसी भी शहर के नागरिकों के घर तोड़कर विकास किया, यह अन्यायपूर्ण है। मेट्रो के अंडर ग्राउंड निर्माण के फैसले से हजारों घर टूटने बच गए हैं। रहवासियों ने मांग की है कि सरकार को यह सुनिश्चित करना है कि अंडर ग्राउंड मेट्रो से भूजल संरचना को हानि नहीं पहुंचे और लोगों के घरों की नींव कमजोर नहीं हो।

# बीआरजी इन्फ्रा के साथ केजी गुप्ता, बिंदल डेवलपर्स, लक्ष्मी स्टील के यहां भी आयकर टीम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर आयकर विभाग इन्वेस्टीगेशन विंग की छापामार कार्रवाई लगातार दूसरे दिन शनिवार 17 जनवरी को भी जारी है। आयकर विभाग की टीम बीआरजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही बिंदल डेवलपर्स, केजी गुप्ता कंपनी के साथ ही लक्ष्मी स्टील के यहां भी पहुंची है। आयकर विभाग ने सरकारी ठेके लेने वाली फर्म, कंपनियों पर 16 जनवरी को छापे मारे थे। यह छापे मुख्य तौर पर इंदौर में थे। इसके साथ ही टीम देवास के कन्नोद व अन्य कई शहरों में भी गई। सरकारी ठेके लेने वाली फर्म निशाने पर रही, इसमें काली कमाई की आशंका आयकर विभाग को है। हवाला नेटवर्क का भी एंगल आयकर विभाग की जांच में हैं। काली कमाई को यहां से वहां ठिकाने लगाया गया। 70 से ज्यादा आयकर अधिकारी जांच में लगे हैं। भारी दस्तावेज जब्त हुए हैं, जांच जारी है।

आयकर विभाग इन्वेस्टीगेशन विंग इंदौर की 16 जनवरी को अलसुबह शुरू की गई छापे की कार्रवाई जारी है। पहले यह बीआरजी इन्फ्रास्ट्रक्चर के यहां ही थी। इसके बाद इसमें खबर आई कि यह इंदौर की ही केजी गुप्ता कंपनी, देवास कन्नौद के बिंदल डेवपर्स और इंदौर के ही लक्ष्मी स्टील के यहां भी है। सभी ग्रुप के डायरेक्टर, पदाधिकारियों, आफिस व अन्य ठिकानों पर आयकर




विभाग के 70 से ज्यादा अधिकारी लगे हुए हैं। लगभग 20 ठिकानों पर यह जांच चल रही है। यह सभी ग्रुप सरकारी ठेके लेते हैं। बीआरजीए, केजी गुप्ता, बिंदल सभी सरकारी रोड, टोल व अन्य निर्माण से जुड़े हुए हैं। वहीं लोधीपुरा स्थित लक्ष्मी स्टील फायर ब्रिगेड की मशीन, वाहन बनाने का काम करते हुए सरकारी सप्लाय करती है। बीआरजी इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रुप की स्थापना 1986 में हुई थी। यह प्राइवेट कंपनी से 2018 में पब्लिक कंपनी में तब्दील हुआ। इसमें ब्रिज किशोर गोयल चेयरमैन और एमडी है। राजेंद्र गोयल, गोपाल गोयल होल टाइम डायरेक्टर, उप्पल गोयल व यश गोयल एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर है। इनके साथ ही मोहित भंडारी, खुशबू पाटौदी, बृजमोहन माहेशवरी, रविंद्र करोडा यह नान एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर है। यह कार्रवाई प्रिंसिपल डायरेक्टर अमरेश सिंह के निर्देशन में आयकर इंदौर के इन्वेस्टिगेशन विंग के डिप्टी डायरेक्टर आदित्य राजे काकासाहेब पवार की टीम के एडिशनल डायरेक्टर राजेश मीना ने की है। वहीं खबर यह भी है कि इतनी बड़ी कार्रवाई की वजह हवाला नेटवर्क से मिली अहम जानकारियां है। हवाला नेटवर्क पर आयकर विभाग ने हाल ही में बीते दो सालों में कई दबिश दी है। इसमें डायरियों पर कई बड़े लेन-देन सामने आए हैं। इसी कड़ी में सरकारी ठेके लेने वाली कंपनियों का नाम भी जुड़ा है। इसकी आंच यह ठेके देने वाले सरकारी विभागों के अधिकारियों तक भी पहुचंने की बात हो रही है। लंबे समय से सरकारी ठेकों में कमीशनखोरी के आरोप लगते रहे हैं। इसी राशि के ट्रांजेक्शन की बात हवाला नेटवर्क में आई है। यह भी इस छापे के पीछे एक वजह मानी जा रही है। हालांकि आयकर विभाग ने अभी तक छापे को लेकर औपचारिक जानकारी नहीं दी है।

### अन्य कंपनियों में यह है

वहीं केजी गुप्ता फर्म में कृष्ण गोपाल गुप्ता एमडी है। वहीं मंगल गुप्ता व कार्तिक गुप्ता भी बोर्ड में है। इसका दफ्तर ओल्ड पलासिया रविंद्र नगर में है। यह सिविल इंजीनियरिंग, आवासीय भवन, सड़कें, पुल आदि बनाने के ठेके लेते हैं। यह भी आईडीए, पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, एकेवीएन आदि सरकारी एजेंसियों के ठेके लेती है। इसी तरह देवास कन्नौद की बिंदल कंपनी में नरसिंह बिंदल और नंदिनी बिंदल डायरेक्टर है। इसके पास भी मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी, पीडब्ल्यूडी, के उज्जैन, इंदौर, नर्मदापुरम, सीहोर, हरदा जैसे जगहों के कई ठेके हैं। वहीं लक्ष्मी स्टील्स इंदौर के लोधीपुरा में आफिस है। इसके प्रमुख मनोज नीमा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।